RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-264 | जयपुर, रविवार, 22 मार्च 2026 | मूल्य-4 रूपये

**पश्चिम एशिया में जंग में ट्रंप को नाटो का साथ नहीं, अब बीच का रास्ता निकालने की कोशिश**

## ट्रंप बोले- सीजफायर नहीं... जंग पर हो सकती हैं बात आराघची बोले- स्थायी युद्ध समाप्ति चाहता है ईरान

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी



मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष के चौथे सप्ताह में पहुंच जाने के बावजूद हालात स्थिर नहीं हैं। लगातार हो रहे ड्रोन और मिसाइल हमलों के बीच अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा दावा करते हुए नया बयान दिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट करते हुए कहा कि अमेरिका मिडिल ईस्ट में अपने सैन्य उद्देश्यों को हासिल करने के बेहद करीब पहुंच चुका है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि अब अमेरिका धीरे-धीरे अपने सैन्य अभियानों को कम करने पर विचार कर सकता है।

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच ईरान ने स्पष्ट किया उसने रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद नहीं किया है, बल्कि केवल कुछ चुनिंदा जहाज़ों पर प्रतिबंध लगाए हैं। विदेश मंत्री अब्बास अराघची के इस बयान ने वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच स्थिति को लेकर नई स्पष्टता दी है।

ईरान की अर्ध-सरकारी संवाद समिति तस्नीम न्यूज एजेंसी के अनुसार जापान की क्योदो न्यूज़ एजेंसी को दिए इंटरव्यू में ईरान के विदेश मंत्री ने कहा जलडमरूमध्य खुला है और अन्य जहाज़ों को सुरक्षित मार्ग प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने यह भी संकेत दिया जापान जैसे सहयोगी देशों के जहाज़ों के लिए ईरान सुरक्षा सुनिश्चित करने को तैयार है। ईरानी विदेश मंत्री ने कहा तेहरान अस्थायी युद्धविराम के बजाय 'पूर्ण, व्यापक व स्थायी युद्ध समाप्ति' चाहता है। उन्होंने स्पष्ट किया किसी भी समझौते में भविष्य में हमलों की रोकथाम और नुकसान की भरपाई की गारंटी शामिल होनी चाहिए।

उन्होंने अमेरिका-इजराइल की सैन्य कार्रवाई को 'अवैध और बिना उकसावे का आक्रामक कदम' बताया और कहा ईरान की जवाबी कार्रवाई आत्मरक्षा के तहत जारी रहेगी। अराक़्ची ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय, खासकर जापान से अपील की कि वे इस संघर्ष पर अपना रुख स्पष्ट करें और तनाव कम करने के प्रयासों में सहयोग दें।

**पीएम मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति से की बात**

## पश्चिम एशिया में शांति और समुद्री सुरक्षा जरूरीः मोदी

*प. एशिया में पिछले 22 दिनों से जारी सैन्य संघर्ष के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से शनिवार को टेलीफोन कर बातचीत की और ईद एवं नवरोज़ की बधाई दी। मोदी ने आशा व्यक्त की यह त्योहारों का मौसम पश्चिम एशिया में शांति, स्थिरता और समृद्धि लेकर आएगा। पीएमओ के अनुसार वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने क्षेत्र में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हालिया हमलों पर चिंता जताई और उनकी कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि ऐसे हमले क्षेत्रीय स्थिरता को प्रभावित करते हैं, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में बाधा डालते हैं।*

### ईरानी ने एलपीजी लदा भारतीय जहाज होर्मुज पार कराया

*अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 22वां दिन है। ईरानी नेवी ने 13 मार्च की रात को एक भारतीय जहाज को सुरक्षित तरीके से होर्मुज स्ट्रेट पार कराया था। LPG लेकर आ रहा ये जहाज 10 दिन से फारस की खाड़ी में फंसा था। यह खबर ब्लूमबर्ग ने दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह काम भारत और ईरान के बीच बातचीत के बाद हुआ। जहाज को पहले से तय रास्ते से निकाला गया ताकि वह हमलों से बच सके। इस दौरान जहाज का ट्रैकिंग सिस्टम (AIS) बंद कर दिया गया था। हालांकि रिपोर्ट में इस जहाज का नाम नहीं बताया गया है। अभी तक दो भारतीय जहाज शिवालिक (16 मार्च) और नंदा देवी (17 मार्च) होर्मुज के रास्ते LPG लेकर भारत पहुंचे हैं।*

## मथुरा में साधु की मौत पर हाईवे पर हंगामा-पथराव, पुलिसकर्मी घायल

### आरोप- गौतस्करों ने ट्रक से कुचलकर मारा, पुलिस बोली- एक्सीडेंट

मथुरा



मथुरा में गौरक्षक चंद्रशेखर बाबा (65) की ट्रक से कुचलकर मौत हो गई। वह फरसा वाले बाबा के नाम से मशहूर थे। बाबा के एक साथी ने दावा किया- शनिवार तड़के बाबा 2 साथियों के साथ ट्रक का पीछा कर रहे थे। ट्रक में गौवंश होने की सूचना थी। ट्रक को ओवरटेक कर बाबा ने सामने बाइक खड़ी कर दी। तभी अचानक ड्राइवर ने रफ्तार बढ़ा दी और बाबा को कुचलते हुए फरार हो गया। बाबा की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की जानकारी इलाके में आग की तरह फैली। देखते-ही-देखते हजारों की भीड़ दिल्ली-मथुरा हाईवे पर जमा हो गई। बाबा के शव को रखकर हाईवे जाम कर दिया। आरोपियों के एनकाउंटर की मांग करने लगे। शव कब्जे में लेने और जाम खुलवाने पहुंची पुलिस को लोगों ने खदेड़ दिया। पथराव भी किया, जिसमें कुछ पुलिसकर्मी लहूलुहान हो गए। लोगों ने पुलिस की 5 से 6 गाडियों में तोड़फोड़ की। शीशे तोड़ दिए। इस दौरान फायरिंग भी हुई। हालात बेकाबू होता देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। आंसू गैस के गोले छोड़े। इस बीच, सीएम योगी ने मामले का संज्ञान लिया। अफसरों को सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कहा- आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा।

मामले में ष्ठढ्ढत्र शैलेश पांडे का कहना है कि शक के आधार पर बाबा एक ट्रक को रोककर चेकिंग कर रहे थे। सुबह कोहरा होने की वजह से पीछे से आ रहे ट्रक ने खड़े ट्रक को टक्कर मार दी। बाबा इसकी चपेट में आ गए। ट्रक चालक भी घायल हो गया। डीआईजी ने साफ किया कि ट्रकों में कोई गोवंश नहीं था। इस बीच, लोग बाबा के शव को लेकर आजनौंख गांव में स्थित गौशाला पहुंचे। प्रशासन के सामने बाबा का स्मारक बनाने समेत 5 मांगें रखीं। आश्वासन के बाद अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए। बता दें कि जब बवाल हो रहा था, तब मौके से 25 किलोमीटर दूर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मौजूद थीं। गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा कर रही थीं। मामला कोसी और छाता थाना क्षेत्र का है।

## अमेरिकी रिपोर्ट में आरएसएस पर बैन की सिफारिश

### 275 पूर्व जज-अधिकारियों ने आलोचना की, रिपोर्ट से दोनों देशों के रिश्ते खराब करने की कोशिश


नई दिल्ली

अमेरिका के अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (आरएसएस ) की मार्च में जारी हुई रिपोर्ट में RSS पर बैन लगाने की बात कही गई है। भारत के 275 पूर्व जजों, अधिकारियों और सैन्य लोगों ने इसका विरोध किया और कहा कि रिपोर्ट गलत और पक्षपाती है। शनिवार को जारी बयान में इन पूर्व अधिकारियों ने कहा कि यह रिपोर्ट किसी मकसद से बनाई गई है और इसमें ठीक से सोच-समझकर बात नहीं की गई। उनका कहना है कि बिना पक्के सबूतों के भारतीय संस्थाओं को गलत तरीके से दिखाया गया है। बयान में कहा गया कि RSS जैसे संगठन पर बैन लगाना, उसकी संपत्ति जब्त करना और लोगों के आने-जाने पर रोक लगाना बिल कुल गलत और बेकार सुझाव हैं।पूर्व अधिकारियों ने अमेरिकी सरकार से कहा कि जो लोग यह रिपोर्ट बना रहे हैं, उनकी जांच होनी चाहिए। उनका आरोप है कि कुछ भारत-विरोधी लोग ऐसी रिपोर्ट के जरिए दोनों देशों के बीच भरोसा खराब करना चाहते हैं।

## पंजाब में मंत्री का नाम लेकर अफसर ने सुसाइड किया

### आरोप- पिता के नाम पर टेंडर देने का दबाव डाला, ऑफिस बुलाकर मारपीट की

अमृतसर



पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार के परिवहन मंत्री लालजीत भुल्लर का नाम लेकर अमृतसर वेयरहाउस के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर गगनदीप सिंह रंधावा ने जहर खाकर सुसाइड कर लिया। DM ने मरने से पहले 12 सेकेंड का वीडियो जारी किया। इसमें कहा- खा ली सल्फास, मिनिस्टर लालजीत भुल्लर के डर से, अब मैं नहीं बचता। पता चलते ही सीएम भगवंत मान ने मंत्री भुल्लर से इस्तीफा ले लिया। मामले की जांच चीफ सेक्रेटरी केएपी सिन्हा को सौंप दी गई है। वहीं, मंत्री लालजीत भुल्लर ने कहा कि आरोप झूठे हैं। जांच प्रभावित न हो, इसलिए मैंने पद छोड़ा है।

अमृतसर से कांग्रेस सांसद गुरजीत औजला और पूर्व अकाली मंत्री बिक्रम मजीठिया ने कहा- फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने वेयरहाउस बनाया था। वेयरहाउस कॉर्पोरेशन इसकी नोडल एजेंसी थी। मंत्री लालजीत भुल्लर ने अपने पिता के नाम पर टेंडर अप्लाई किया था।

आरोप है कि जब पॉलिसी के हिसाब से मंत्री के पिता को टेंडर नहीं मिला तो घर बुलाकर अफसर से मारपीट की। उसकी वीडियो बनाई। पत्नी-बच्चों को लेकर धमकी दी। वहीं, मृतक रंधावा के परिवार ने भुल्लर के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की। तब तक अस्पताल से डेडबॉडी न ले जाने देने का ऐलान किया। ˛ष्ठष्टक्क शिरीवेनेला ने कहा कि परिवार से बात कर रहे हैं।

आप पार्टी के तरनतारन जिला के लीगल हेड एडवोकेट मनदीप सिंह भुल्लर ने बताया कि सुखदेव सिंह भुल्लर मंत्री लाल जीत सिंह भुल्लर के पिता हैं। उन्होंने गोदाम के लिए आवेदन किया था। यह राइस और गेहूं के लिए बने थे। इसमें बाबा नागा जी फर्म ने भी आवेदन किया

## घरेलू फ्लाइट्स का किराया 23 मार्च से बढ़ा सकेंगी एयरलाइंस

### सरकार ने रोक हटाई, इंडिगो संकट के दौरान 18 हजार तय की थी अधिकतम सीमा

नई दिल्ली

अब एयरलाइन कंपनियां घरेलू फ्लाइट्स का किराया सीटों की मांग की हिसाब से बढ़ा सकेंगी। सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने हवाई किराए पर लगी रोक को हटा दिया है। आदेश के मुताबिक यह फैसला 23 मार्च से लागू होगा। पिछले साल दिसंबर में इंडिगो की उड़ानों में आई रुकावटों के बाद फेयर कैप लगाया लगाया गया था। सरकार ने एयरलाइंस का अधिकतम किराया 18000 तय किया था। एयरलाइन इससे ज्यादा दाम नहीं ले सकती थीं। आदेश में कहा गया - पूरे सेक्टर में उड़ानों की क्षमता बहाल हो गई है तथा परिचालन सामान्य हो गया है। समीक्षा के बाद, यह फैसला किया गया है कि किराए पर लगाई गई सीमा को 23 मार्च, 2026 से हटा दिया जाएगा। पिछले साल DGCA ने 1 नवंबर से पायलटों और अन्य क्रू मेंबर्स के काम से जुड़े नियमों में बदलाव किए थे। इसे फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नाम दिया गया था। इसकी वजह से एयरलाइन कंपनी इंडिगो में स्टाफ की कमी हो गई जिससे हजारों फ्लाइंट्स कैंसिल हुई थी।

## राजस्थान में ईद पर इजराइल-अमेरिका मुर्दाबाद के नारे

जयपुर



ईद उल फितर (ईद) के मौके पर जयपुर के आमेर में शिया और सुन्नी मुस्लिम समाज की महिलाएं-बच्चे सड़क पर उतरे। उन्होंने रैली निकालकर अमेरिका-इजराइल मुर्दाबाद के नारे लगाए।

ईरान पर हो रहे हमले का विरोध जयपुर, सीकर, अजमेर सहित राजस्थान के कई जिलों में देखने को मिला। शनिवार को काली पट्टी बांधकर ईद की नमाज अदा की गई। मस्जिदों पर काले झंडे लगाए गए। इस दौरान अमेरिका-इजराइल के खिलाफ नारेबाजी भी की गई।

जयपुर में सुभाष चौक पर शिया समुदाय के लोगों ने इजराइल और अमेरिका के खिलाफ मुर्दाबाद लिखी तख्तियां लेकर विरोध जताया।

अजमेर स्थित दौराई के इमाम-ए-जुमा मौलाना सैय्यद तकी जाफर ने कहा- ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की शहादत के कारण समाज शोक मना रहा है। इस साल किसी भी प्रकार की खुशी नहीं मनाई जाएगी। नए कपड़े पहनना, मिठाई या विशेष पकवान बनाना जैसी परंपराएं नहीं निभाई जाएंगी। यह हमारे लिए मातम का वक्त है।

## सीकर समेत 3 जिलों में बारिश

जयपुर

राजस्थान में शनिवार दोपहर बाद जैसलमेर-श्रीगंगानगर में बरसात हुई। रात को सीकर में भी बारिश हुई। इससे पहले वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से शुक्रवार को जयपुर समेत कई जिलों में बारिश हुई। बारिश, ओलावृष्टि के साथ चली ठंडी हवा से ?कई शहरों में तापमान 2 से 4 डिग्री तक गिर गया।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने राज्य में अब रविवार से मौसम साफ रहने और तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने के साथ एक बार फिर

**जयपुर में सीएम मोहन यादव बोले-राजस्थान और मध्यप्रदेश भाई-भाई**

## दोनों राज्यों के बीच सहयोग से विकास की नई संभावनाएंः सीएम यादव

जयपुर



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राजस्थान और मध्यप्रदेश के रिश्तों का जिक्र करते हुए कहा- राजस्थान और मध्यप्रदेश भाई-भाई हैं। दोनों राज्यों के बीच सहयोग से विकास की नई संभावनाएं खुल सकती हैं। मुख्यमंत्री यादव ने बताया- पार्वती, कालीसिंध और चंबल रिवर लिंक प्रोजेक्ट दोनों राज्यों के साझा विकास की महत्वपूर्ण परियोजना है। इससे जल प्रबंधन, कृषि और औद्योगिक विकास को बड़ा लाभ मिलेगा।

निवेश केवल पूंजी का आगमन नहीं है, बल्कि इससे रोजगार सृजन, कौशल विकास और तकनीकी साझेदारी को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने दावा किया कि मध्यप्रदेश अब स्पष्ट नीतियों, तेज निर्णय प्रक्रिया और मजबूत प्रशासन के कारण निवेश के लिए आकर्षक केंद्र बन चुका है।

जयपुर में मध्यप्रदेश सरकार का इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट रोड शो आयोजित किया गया, जिसमें मोहन यादव ने उद्योग जगत के सामने राज्य की निवेश नीतियों, प्रोत्साहन योजनाओं और औद्योगिक संभावनाओं को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आयोजन ढ्ढञ्जष्ट राजपूताना में किया गया। यादव ने साल 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य खेती को उद्योग से जोड़ना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। फूड प्रोसेसिंग, डेयरी, वेयरहाउसिंग, कोल्ड चेन और एग्री-लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में निवेश की व्यापक संभावनाएं हैं। कार्यक्रम में उन्होंने भजन लाल शर्मा की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि दोनों राज्य मिलकर विकास की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। रोड शो के दौरान उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन बैठकें भी आयोजित की गई, जिनमें निवेशकों को नई औद्योगिक नीति, प्रोत्साहन पैकेज, भूमि उपलब्धता और लॉजिस्टिक नेटवर्क की जानकारी दी गई। कई उद्योग समूहों ने संभावित परियोजनाओं को लेकर सरकार के साथ प्रारंभिक चर्चा भी की।

**जयपुर में निकली गणगौर की शाही सवारी**

## सांस्कृतिक वैभव के साथ गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल बनी राजधानी

### लोक कला और शाही ठाठ बने आकर्षण

जयपुर



जयपुर की ऐतिहासिक चारदीवारी में चैत्र शुक्ल तृतीया के अवसर पर गणगौर की शाही सवारी पारंपरिक धूमधाम के साथ निकाली गई। यह आयोजन राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक होने के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द का भी संदेश देता नजर आया।

### सिटी पैलेस से शुरू हुई शाही सवारी

शाही सवारी की शुरुआत सिटी पैलेस की जनानी ड्योढ़ी से हुई, जहां पूर्व राजपरिवार की ओर से माता गणगौर की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। त्रिपोलिया गेट से जैसे ही सजी-धजी प्रतिमा बाहर आई, 'गणगौर माता की जय' के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

इस भव्य जुलूस में सजे-धजे हाथी, शाही घोड़े और ऊंट आकर्षण का केंद्र रहे। पारंपरिक वेशभूषा में कलाकारों ने कच्छी घोड़ी, कालबेलिया और चरी नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। करीब 200 लोक कलाकारों ने अपनी कला के माध्यम से आयोजन को जीवंत बना दिया।

सवारी के मार्ग पर छोटी चौपड़ तक सड़कों और छतों पर भारी भीड़ उमड़ी रही। स्थानीय लोगों के साथ बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी इस आयोजन को देखने पहुंचे और इस सांस्कृतिक विरासत को अपने कैमरों में कैद करते नजर आए। सुहागिनों और कन्याओं ने माता गणगौर के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गिरिराज जी के किए दर्शन

मथुरा



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मथुरा दौरे के तीसरे दिन शनिवार की सुबह ब्रजभूमि की आध्यात्मिक ऊर्जा में पूरी तरह सराबोर नजर आईं। गोवर्धन पहुंचकर उन्होंने गिरिराज महाराज की सात कोसीय परिक्रमा का शुभारंभ नंगे पांव किया व श्रद्धा, आस्था व सादगी का अनूठा संदेश दिया। राष्ट्रपति के साथ उनके परिजन भी मौजूद रहे।

परिक्रमा प्रारंभ करने से पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दानघाटी मंदिर पहुंचकर गिरिराजजी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना व दूध अर्पित किया। इस दौरान पूरा वातावरण 'गिरिराज महाराज की जय' के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धा का चरम उस समय देखने को मिला, जब राष्ट्रपति ने नंगे पांव परिक्रमा मार्ग पर कदम रखे। कुछ दूरी पैदल चलकर उन्होंने आस्था और सादगी का संदेश दिया। इसके बाद वे गोल्फ कार्ट में सवार हुईं व परिक्रमा मार्ग पर आगे बढ़ीं। उनके साथ आगरा मंडल के कमिश्नर नगेंद्र प्रताप भी थे। वहीं दूसरी गोल्फ कार्ट में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, जनपद के प्रभारी मंत्री संदीप सिंह व गोवर्धन विधायक मेघश्याम सिंह सवार रहे। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर गोवर्धन और राधा कुंड नगरी को दुल्हन की तरह सजाया गया था। जगह-जगह भव्य तोरण द्वार बनाए गए थे। स्थानीय लोगों ने फूलों की वर्षा कर राष्ट्रपति का भव्य स्वागत किया।

## आरजी कर मेडिकल कॉलेज में फंसी लिफ्ट, दम घुटने से मरीज के परिजन की मौत

कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में शुक्रवार तड़के ट्रामा केयर सेंटर की लिफ्ट में फंसने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और प्रबंधन की लापरवाही को लेकर तनाव फैल गया। जानकारी के मुताबिक मृतक अस्पताल में भर्ती मरीज का परिजन बताया जा रहा है, जो पांचवीं मंजिल पर जाने के लिए लिफ्ट में सवार हुआ था। अचानक तकनीकी खराबी के कारण लिफ्ट बीच में ही अटक गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आरोप है कि उस समय लिफ्ट का संचालन करने के लिए कोई ऑपरेटर वहां मौजूद नहीं था, जिसके कारण समय रहते उसे बाहर नहीं निकाला जा सका और लिफ्ट के अंदर ही उसने दम तोड़ दिया। सुबह घटना की खबर फैलते ही मृतक के परिजनों और अन्य मरीजों के रिश्तेदारों ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया और सुरक्षा पर सवाल उठाए। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। अस्पताल सूत्रों का कहना है कि लिफ्ट में ऑपरेटर की अनुपस्थिति और तकनीकी खराबी के सही कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## उत्तरप्रदेश के कई जिलों में बारिश से बिगड़े हालात... ओले गिरने से किसान चिंतित

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को मौसम बिगड़ गया। लखनऊ में सुबह 10 बजे अचानक अंधेरा छा गया। इसके बाद तेज हवा के साथ बारिश हुई। कुछ इलाकों में ओले भी गिरे। अयोध्या, बाराबंकी, सीतापुर और सिद्धार्थनगर में भी तेज बारिश के साथ ओले गिरे। इसके पहले प्रयागराज और मथुरा में तेज बारिश हुई। इतना ही नहीं धूलभरी आंधी चली। कई जगह सड़कों पर पानी भर गया। स्कूली बच्चे और दफ्तर के लिए निकले लोग रेनकोट और छातों के साथ नजर आए। कानपुर, नोएडा, आगरा, अलीगढ़, मेरठ सहित 25 से ज्यादा जिलों में रुक-रुक कर बारिश हुई। काशी में आंधी के साथ बूंदाबांदी हुई। घाटों पर दुकान लगाने वाले लोग सामान समेटकर लौट गए। वहीं, प्रयागराज, बलरामपुर, बहराइच और मिर्जापुर में आकाशीय बिजली गिरने से 3 किसानों सहित 5 की मौत हो गई। कई जगह गेहूं की खड़ी फसलें गिर गईं। किसानों का कहना है कि बेमौसम बारिश से सरसों और आलू की फसल भी खराब हो सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने की वजह से पूरे प्रदेश में मौसम बदल गया है। अगले 2 दिन मौसम ऐसे ही बिगड़ा रहेगा। 40 किमी/घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

## वाराणसी में कॉलेज कैंपस में छात्र की गोली मारकर हत्या, पुलिस हत्यारे की तलाश में जुटी

वाराणसी (एजेंसी)। वाराणसी के उदय प्रताप कॉलेज में शुक्रवार सुबह बीएससी छात्र की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या से हड़कंप मच गया। घटना करीब साढ़े 10 बजे कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के बाहर हुई, जहां हमलावर ने छात्र सूर्य प्रताप सिंह (23) पर चार गोलियां दागीं। घायल छात्र को बीएचयू ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने छात्र को मृत घोषित किया। इस घटना के बाद परिसर में तनाव फैल गया और आक्रोशित छात्रों ने जमकर हंगामा किया। कॉलेज के अंदर कुर्सियां तोड़ी गईं, जबकि बाहर दुकानों और वाहनों में तोड़फोड़ की गई। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने कॉलेज का मुख्य गेट बंद कर आसपास की करीब 150 दुकानों को भी बंद कराया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सात थानों की पुलिस फोर्स तैनात की गई। करीब तीन घंटे बाद गेट खोला गया, लेकिन बाहर निकलते समय छात्रों ने फिर पथराव शुरू कर दिया, जिसमें तीन प्रोफेसर घायल हो गए। पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया। पुलिस के अनुसार, मृतक गाजीपुर का निवासी था और सेकेंड ईयर का छात्र था, जबकि आरोपी मंजीत सिंह, बीए सेकेंड ईयर का छात्र, वाराणसी के चांदमारी क्षेत्र का रहने वाला है। आरोपी फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए छह टीमें गठित की गई हैं। घटना के बाद परिजनों और छात्रों में गहरा शोक और आक्रोश है।

## शिल्पा शेट्टी को 12.5 करोड़ रुपए के गिफ्ट मामले में बड़ी राहत

मुंबई (एजेंसी)। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी को 12.5 करोड़ रुपए के गिफ्ट मामले में बड़ी राहत मिली है। यह मामला उनके पति राज कुंद्रा द्वारा दिए गए गिफ्ट से जुड़ा था। साल 2019-20 में इनकम टैक्स अधिकारियों ने यह राशि शिल्पा की इनकम में जोड़ दी थी, क्योंकि उन्हें यह अनक्लियर क्रेडिट लगा। जांच में पाया गया कि गिफ्ट डीड और पैन डिटेल्स से केवल लेन-देन की पुष्टि नहीं होती, और गिफ्ट देने वाले की क्रेडिटवर्थनेस भी साबित नहीं हो सकी। इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल (आईटीएटी) की मुंबई बेंच ने कहा कि गिफ्ट डीड में भुगतान का तरीका, बैंक डिटेल्स या रकम ट्रांसफर करने का विवरण नहीं दिया गया था। शिल्पा ने गिफ्ट डीड, पैन डिटेल्स और पति की इनकम टैक्स रिटर्न की रसीद पेश की, लेकिन उनके पति की आय 27.7 लाख रुपए दिखी, जो दिए गए 12.5 करोड़ रुपए से मेल नहीं खाती। शिल्पा ने यह भी दावा किया कि उनके पति को विदेशी संस्था से फंड मिला था, लेकिन टैक्स रिटर्न में सही विवरण नहीं था। आईटीएटी ने शिल्पा को राहत दी, लेकिन मामले की दुबारा जांच के निर्देश भी दिए। जांच अधिकारी को निर्देश हैं कि वे शिल्पा के बैंक और फाइनेंशियल रिकॉर्ड की पूरी समीक्षा करें और उन्हें गिफ्ट की सच्चाई साबित करने का मौका दें। इनकम टैक्स की धारा 68 के तहत टैक्सदाता की जिम्मेदारी होती है कि वह प्राप्त राशि की पहचान, सच्चाई और क्रेडिटवर्थनेस साबित करे। बेंच ने स्पष्ट किया कि केवल दस्तावेजी प्रक्रिया गिफ्ट की वास्तविकता साबित करने के लिए पर्याप्त नहीं है।

## जुबीन गर्ग मौत मामले में रोजाना सुनवाई, सीएम सरमा ने किया फास्ट-ट्रैक कोर्ट का गठन

गुवाहाटी (एजेंसी)। असम सरकार ने चर्चित सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में विशेष फास्ट-ट्रैक कोर्ट का गठन किया है, जो इस मामले की रोजाना सुनवाई करेगा। यह जानकारी मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने एक्स पर दी। उन्होंने विशेष फास्ट-ट्रैक कोर्ट के गठन को न्याय प्रक्रिया को तेज करने और लंबी देरी से बचने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया। असम के गुवाहाटी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने बक्सा जिले की जिला जज शर्मिला भुयान को फास्ट-ट्रैक कोर्ट का जिम्मा सौंपा है। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि इस पहल से न्याय व्यवस्था और मजबूत होगी और उन्होंने जस्टिस आशुतोष कुमार व चीफ जस्टिस का धन्यवाद किया।

# राज्यसभा चुनाव में बीजेपी की ओर से मिला था ऑफर, जिसे ठुकरा दिया

### -कांग्रेस विधायक अभिषेक रंजन का दावा, बिहार की राजनीति गरमाई

**पटना (एजेंसी)।** चनपटिया से कांग्रेस विधायक अभिषेक रंजन का दावा सिर्फ एक बयान नहीं, बल्कि बड़ा राजनीतिक संकेत है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में उन्हें बीजेपी की ओर से ऑफर मिला, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया। उनके मुताबिक यह सिर्फ सत्ता की लड़ाई नहीं, बल्कि सिद्धांत और विचारधारा का सवाल था। उन्होंने साफ किया कि पार्टी उनके लिए सर्वोपरि है और किसी भी प्रलोभन को उन्होंने स्वीकार नहीं किया। यह बयान ऐसे समय सामने आया है, जब कांग्रेस के कई विधायकों की अनुपस्थिति चर्चा में है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राज्यसभा चुनाव के दौरान महागठबंधन को उस वक्त झटका लगा, जब उसके चार विधायक वोटिंग में शामिल नहीं हुए। इनमें तीन कांग्रेस और एक राजद विधायक हैं। वोटिंग के दिन इन विधायकों के फोन बंद रहे और वे संपर्क से बाहर बताए गए। यह स्थिति सामान्य राजनीतिक असहमति से कहीं ज्यादा गंभीर मानी जा रही है। सवाल उठ रहा है कि यह महज संयोग था या फिर किसी सुनियोजित रणनीति का हिस्सा। यहीं से ऑपरेशन लोटस जैसे आरोपों को भी हवा मिलती दिख रही है।

बिहार में राज्यसभा की पांचों सीटों पर एनडीए की जीत ने इस पूरे विवाद को और गहरा दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत एनडीए के सभी उम्मीदवार विजयी रहे। इसके साथ ही नितिन नबीन, रामनाथ ठाकुर, उपेंद्र कुशवाह और सिवेश राम ने भी जीत दर्ज की। महागठबंधन के लिए यह परिणाम राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक दोनों स्तरों पर झटका है। खासतौर पर तब जब संख्या बल के बावजूद एकजुटता पर सवाल उठे हों। नतीजों ने इस पूरे घटनाक्रम को महज चुनाव नहीं, बल्कि रणनीतिक खेल बना दिया। अभिषेक रंजन के 'ऑफर' वाले बयान ने अनुपस्थित विधायकों की भूमिका पर सवाल खड़े किए। उन्होंने संकेत दिया कि विधायकों को प्रभावित करने की कोशिशें हो सकती हैं। सिर्फ वोट नहीं, बल्कि अनुपस्थित रहने के लिए भी प्रलोभन दिए जाने की बात कही गई। हालांकि उन्होंने किसी विशेष विधायक पर सीधा आरोप लगाने से परहेज किया।

उन्होंने यह जरूर कहा कि मौजूदा माहौल में हॉर्स ट्रेडिंग की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इससे यह बहस और तेज हो गई है कि क्या लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित हुई। विधायकों की अनुपस्थिति ने नेतृत्व और समन्वय की स्थिति पर बहस छेड़ दी है। तीन महीने पहले चुनावी झटका झेल चुके तेजस्वी यादव के लिए यह स्थिति और चुनौतीपूर्ण मानी जा रही है। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा है कि क्या गठबंधन के भीतर भरोसे की कमी उभर रही है। हालांकि आधिकारिक तौर पर अभी तक स्पष्ट जवाब सामने नहीं आया है। लेकिन चुप्पी और विरोधाभासी संकेतों ने सस्पेंस को और गहरा कर दिया है।

## चीन के आसमान से एयर इंडिया की फ्लाइट ने लिया यू-टर्न, 4 घंटे बाद वापस दिल्ली लौटा विमान



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से कनाडा के वैंकूवर के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-185 को चीन के आसमान से अचानक वापस लौटना पड़ा। करीब चार घंटे का सफर तय करने के बाद विमान ने बीच रास्ते से ही यू-टर्न ले लिया, जिसके चलते न केवल वैंकूवर जाने वाले यात्री परेशान हुए, बल्कि वैंकूवर से कोलकाता होते हुए दिल्ली आने वाली वापसी की उड़ान को भी रद्द करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, यह विमान गुरुवार सुबह लगभग 11:30 बजे दिल्ली से रवाना हुआ था। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और युद्ध की स्थितियों को देखते हुए इस उड़ान के मार्ग में बदलाव किया गया था। निर्धारित योजना के तहत विमान को म्यांमार, चीन, पूर्वी चीन सागर, जापान और अलास्का की खाड़ी के ऊपर से होते हुए वैंकूवर पहुंचना था। लेकिन जब विमान चीन के क्यूजिंग शहर के ऊपर उड़ान भर रहा था, तब कुछ ऐसी परिस्थितियां बनीं कि पायलट को मिशन बीच में ही छोड़ने का फैसला लेना पड़ा। दोपहर करीब 3:30 बजे विमान ने क्यूजिंग के ऊपर से मोड़ लिया और वापस दिल्ली की ओर रुख किया। करीब चार घंटे की उड़ान के बाद यू-टर्न लेने वाला यह विमान कल शाम 7:30 बजे वापस दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड कर गया। हालांकि, एयरलाइन की ओर से इस अचानक यू-टर्न के सटीक तकनीकी या परिचालन कारणों का खुलासा आधिकारिक तौर पर नहीं किया गया है, लेकिन एयरपोर्ट सूत्रों का कहना है कि विपरीत परिस्थितियों के चलते सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया। इस घटनाक्रम के कारण अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। एयर इंडिया अब प्रभावित यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने में जुटी है। इस मार्ग पर उड़ानों के रद्द होने से अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात पर भी असर पड़ा है।

## बिहार में गैस संकट के बीच श्मशान के कोयले से जल रही होटलों, रेस्टोरेंट के साथ स्ट्रीट फूड वालों की भटटी

### -इसी श्मशान के कोयले से ही अगरबत्ती बनाई जाती

**पटना (एजेंसी)।** इंसान की हड्डियां मरने के बाद चिंता पर जल जाती है। लेकिन क्या आपको पता हैं कि श्मशान में सब कुछ बिक जाता है। बड़ा कोयला होटलों में और छोटा अगरबत्ती की फैक्ट्रियों में भेज दिया जाता है। बिस्किट की फैक्ट्रियों में भी इस कोयला से सब तैयार होता है। एक, दो नहीं बिहार में बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां भी इसी कोयले से माल तैयार कर रही हैं। इसी कोयले से बनी अगरबत्ती कई राज्यों में जा रही है। गुलाब, केवड़ा, चंदन से लेकर जो भी फ्लेवर हो, लेकिन अंदर, तब हमारा दिया बुरादा होता है।

श्मशानों का कोयला होटल और फैक्ट्रियों में सप्लाई करने वाले एजेंट्स का खुलासा हैरान करने वाला है। एजेंट्स सेहत के साथ आस्था से भी खेल रहे हैं। देश में अगरबत्ती का 10 से 12 हजार करोड़ का कारोबार है। इसमें इकलौते बिहार में 800 से 1500 करोड़ का कोराबार है।

रिपोर्ट के अनुसार गैस संकट के बीच बिहार के होटलों और रेस्टोरेंट के साथ स्ट्रीट फूड के वेंडरों तक श्मशान के कोयले की सप्लाई हो रही है। नेटवर्क को एक्सपोज करने के लिए हमारी टीम ने होटल संचालक और फैक्ट्री मालिक बनकर डील की। हम पटना, गया, नालंदा, वैशाली, सारण, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण सहित 12 जिलों में गए। बड़े पैमाने पर होटलों में श्मशान के कोयले की सप्लाई चेन के साथ अगरबत्ती फैक्ट्री का भी खुलासा हुआ। श्मशान से कोयला सप्लाई करने वाला पूरा सिंडिकेट काम कर रहा है। कोयला सप्लाई के लिए एजेंट्स ने अलग-अलग गाड़ियां भी लगा रखी हैं।


रिपोर्ट के अनुसार पटना के बांस घाट में मौजूद एक एजेंट से हुई बातचीत में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए। होटलों में श्मशान के कोयले की सप्लाई की डील के दौरान ही इस एजेंट ने अगरबत्ती की फैक्ट्रियों में कोयला सप्लाई करने का खुलासा भी किया। एजेंट ने बताया कि कोयले से अगरबत्ती बनाई जाती है। यहां से कोयला दूर-दूर तक जाता है।

# चुनाव आयोग की प्रशासनिक सर्जरी से नाखुश ममता सरकार... पहुंची कलकत्ता हाईकोर्ट

### टीएमसी नेता कल्याण बनर्जी ने दायर की याचिका

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल चुनाव से पूर्व तृणमूल कांग्रेस और चुनाव आयोग में तनाव जारी है। टीएमसी ने शुक्रवार को बंगाल में कई आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के ट्रांसफर को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। टीएमसी नेता कल्याण बनर्जी द्वारा दायर याचिका में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को प्रतिवादी बनाया गया है।

याचिका में चुनाव आयोग के उस फैसले पर सवाल उठाया है, जिसमें उन्होंने राज्य सरकार से सलाह किए बिना अधिकारियों का तबादला किया। इस मामले की सुनवाई अगले हफ्ते की शुरुआत में हो सकती है। चुनाव आयोग ने 15 मार्च को विधानसभा चुनावों की घोषणा करने के कुछ ही घंटों के भीतर, मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक सहित बड़ी संख्या में सीनियर अधिकारियों का तबादला किया गया था।



वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फैसले की आलोचना कर 'अघोषित आपातकाल' बताया। उन्होंने संस्थागत हेरफेर के द्वारा बंगाल पर कब्जा करने की सोची-समझी साजिश बताया। उन्होंने कहा कि हम जो देख रहे हैं, वहां अघोषित आपातकाल से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि यह लोकतांत्रिक सिद्धांतों से नहीं, बल्कि राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित है। ममता ने बाद में चुनाव आयुक्त कुमार को पत्र लिखकर चुनाव आयोग के इसतरह के 'मनमाने, एकतरफा और पक्षपातपूर्ण' कदमों से परहेज करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने शालीनता और संवैधानिक मर्यादा की सभी सीमाएं लांघ दी हैं। उन्होंने कहा कि तथाकथित विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत के बाद से चुनाव आयोग ने स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया है और जमीनी हकीकतों या लोगों की भलाई की जरा भी परवाह नहीं की है।

आयोग ने सीनियर पुलिस अधिकारियों के कुछ इंटर-स्टेट ट्रांसफर के आदेशों पर रोक लगा दी। बिधाननगर के सीपी मुरलीधर शर्मा और सिलीगुड़ी के सीपी सैयद वकार रजा, जिन्हें पहले तमिलनाडु जाने के लिए कहा गया था, उन्हें अब इंतजार करने को बोल गया है।

## सोशल मीडिया पर लगाई जा रही पाबंदियों पर बोली कांग्रेस- असहमति को दबा रही है मोदी सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस पार्टी ने सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर जनता के मुद्दे उठाने वाले विभिन्न अकाउंट्स को ब्लॉक करने, उनका कंटेंट हटाने और क्रिएटर्स पर कार्रवाई को अभिव्यक्ति की आजादी पर गंभीर हमला बताया है। उल्लेखनीय है अब विभिन्न मंत्रालयों को सोशल मंडिया कंटेंट की जिम्मेदारी देने की तैयारी है। जिसके तहत अन-सोशल, झूठे, अफवाह फैलाने वाले कंटेंट को ब्लॉक करने की शक्ति विभिन्न मंत्रालयों को दी जाएगी।




कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि सोशल मीडिया पर मोदी सरकार की आलोचना और जन मुद्दों को उठाने वाली आवाज़ों को व्यवस्थित तरीके से दबाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज सुबह एक्स (ट्विटर) पर कई ऐसे अकाउंट्स को भारत में ब्लॉक कर दिया गया, जो सरकार की विफलताओं को उजागर करते थे और आम लोगों के मुद्दे उठाते थे। 4 पीएम चैनल के दोबारा सस्पेंड होने का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि इसी तरह कई यूट्यूब चैनल्स सस्पेंड किए गए हैं। इंस्टाग्राम अकाउंट्स और रील्स भी निशाने पर लिए जा रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि कारवां मैगजीन को मोदी की तस्वीर के साथ 'हीरो ऑफ़ हेटरेड' के कैप्शन वाली कवर फ़ोटो पोस्ट करने पर उसे डिलीट करने का आदेश आया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के आईटी और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के जरिए यह कार्रवाई की जा रही है। सरकारी अधिकारी तय कर रहे हैं कि क्या कंटेंट चलेगा और क्या नहीं। श्रीनेत ने बताया कि उन्हें स्वयं 11 ऐसे ईमेल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से आ चुके हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि मोदी सरकार आर्थिक, कूटनीतिक, राजनीतिक और सामाजिक समेत हर मोर्चे पर विफल साबित हो चुकी है। मोदी सरकार के नामी लोगों का नाम एपस्टीन फाइल में है और हर मोर्चे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनकी सरकार की काली करतूतों का पर्दाफाश हो रहा है। ऐसे में विपक्ष के साथ ही देश की आम जनता मोदी सरकार से सवाल पूछ रही है। सरकार ने मुख्यधारा की मीडिया को अपने अधीन ले लिया है। आम लोगों के लिए सवाल पूछने का साधन सोशल मीडिया बन गया है। ऐसे में सरकार चाहती है कि जो सवाल मुख्यधारा की मीडिया नहीं उठा रही है, वह सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स भी न उठाएं।

## गैस बुकिंग को लेकर साइबर ठग सक्रिय, भेज रहे एपीके फाइन नहीं करें डाउनलोड

### -ऐप के जरिए ठग आपके फोन में मौजूद संवेदनशील जानकारी हासिल कर लेते हैं

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** अगर आपके मोबाइल पर अचानक गैस बुकिंग अपडेट या एलपीजी बिल पेंडिंग का मैसेज आए, तो यह कोई साधारण नोटिफिकेशन नहीं, बल्कि एक साइबर ट्रैप हो सकता है इसलिए सावधान रहें। केरल पुलिस ने एक नए तरह के फ्रॉड को लेकर अलर्ट जारी किया है, जिसमें ठग गैस सिलेंडर बुकिंग के बहाने लोगों के बैंक अकाउंट तक पहुंच बना रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट में एजेंसी के मुताबिक साइबर ठग इन दिनों एलपीजी सिलेंडर की कमी की खबरों के बीच लोगों की परेशानी का फायदा उठा रहे हैं। सबसे पहले आपके मोबाइल पर एक एसएमएस आता है, जिसमें लिखा होता है कि आपका गैस बिल अपडेट करना है या बुकिंग अधूरी है। इसके बाद ठग व्हाटसएप के जरिए आपसे संपर्क करते हैं और एक फाइल भेजते हैं-जिसका नाम होता है गैस बिल अपडेट एपीके।

यह एपीके फाइल असल में एक खतरनाक ऐप होती है। जैसे ही कोई यूजर इसे इंस्टॉल करता है, उसका पूरा मोबाइल फोन ठगों के कंट्रोल में चला जाता है। इस ऐप के जरिए ठग आपके फोन में मौजूद संवेदनशील जानकारी हासिल कर लेते हैं। इसमें आपके बैंकिंग ऐप्स, यूपीआई डिटेल्स, पासवर्ड और यहां तक कि ओटीपी भी शामिल हो सकते हैं। इसके बाद बिना आपकी जानकारी के आपके बैंक अकाउंट से पैसे गायब होने लगते हैं। कई मामलों में लोगों को तब पता चलता है जब उनके अकाउंट से रकम निकल चुकी होती है।



विशेषज्ञों का मानना है कि डिजिटल पेमेंट और ऑनलाइन सर्विसेज के बढ़ते इस्तेमाल के साथ साइबर फ्रॉड के तरीके भी तेजी से बदल रहे हैं। गैस बुकिंग जैसी रोजमर्रा की सेवाओं को निशाना बनाना इसलिए आसान है, क्योंकि लोग इनसे जुड़े मैसेज पर जल्दी भरोसा कर लेते हैं। ऊपर से अगर मैसेज में अर्जेंट या लास्ट चांस जैसे शब्द हों, तो लोग जल्द लिंक पर क्लिक कर देते हैं। केरल पुलिस ने साफ कहा है कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और व्हाटसएप या एसएमएस के जरिए आए एपीके फाइल को कभी भी डाउनलोड या इंस्टॉल न करें। अगर गलती से आपने ऐसा कोई ऐप इंस्टॉल कर लिया है या आपको लगता है कि आपके साथ फ्रॉड हुआ है, तो तुरंत कार्रवाई करें। सबसे पहले अपने बैंक को जानकारी दें और अपने अकाउंट को सेफ करें। इसके बाद राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।

# नागरिकों की हिरासत पर यूक्रेन का दावा कहा- भारत से हमारे रिश्ते खराब कराना चाहता है रूस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम में हिरासत में लिए गए छह यूक्रेनी नागरिकों के मामले ने अब एक गंभीर राजनयिक मोड़ ले लिया है। यूक्रेन सरकार ने इस मामले में भारत से निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग करते हुए अपने नागरिकों की किसी भी प्रकार की आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्तता के दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। यूक्रेन का आरोप है कि इस पूरे घटनाक्रम के पीछे रूस का हाथ हो सकता है, जो भारत और यूक्रेन के बीच के मजबूत होते द्विपक्षीय संबंधों में दरार पैदा करने की कोशिश कर रहा है।

यह विवाद तब शुरू हुआ जब मिजोरम में बिना वैध अनुमति (ऑथराइजेशन) के प्रवेश करने और संदिग्ध गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में छह यूक्रेनी और एक अमेरिकी नागरिक को हिरासत में लिया गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, इन व्यक्तियों पर म्यांमार के उन गुटों की सहायता करने का संदेह है, जिनके संबंध भारत विरोधी विद्रोही समूहों से माने जाते हैं। इस संवेदनशील मामले पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्पष्ट किया है कि भारत के कुछ क्षेत्र प्रतिबंधित और संरक्षित श्रेणी में आते हैं, जहाँ यात्रा के लिए विशेष अनुमति अनिवार्य है। चूंकि यह मामला अब अदालत के अधीन है, इसलिए तथ्यों की प्रस्तुति के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी। भारत में यूक्रेन के राजदूत ओलेक्जेंडर पोलिशचुक ने इस संबंध में विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर अपने नागरिकों तक राजनयिक पहुंच (कंसुलर एक्सेस) प्रदान करने का आग्रह किया है। यूक्रेनी दूतावास द्वारा जारी एक कड़े बयान में कहा गया है कि यूक्रेन खुद रूसी आतंक का सामना कर रहा है, इसलिए वह आतंकवाद के किसी भी रूप के खिलाफ एक अडिग रुख रखता है। दूतावास ने उन मीडिया रिपोर्ट्स पर भी गहरी चिंता जताई है जिनमें दावा किया गया था कि यह कार्रवाई रूसी खुफिया जानकारी के आधार पर की गई है। यूक्रेन ने इसे राजनीति से प्रेरित कदम बताते हुए रूस पर दो मित्र देशों के बीच अविश्वास पैदा करने का आरोप लगाया है।यूक्रेन ने अगस्त 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा के दौरान जारी किए गए उस संयुक्त बयान का भी हवाला दिया, जिसमें दोनों देशों ने मिलकर आतंकवाद की निंदा की थी। यूक्रेन ने भारतीय अधिकारियों को आपराधिक मामलों में पारस्परिक कानूनी सहायता संधि के तहत पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। साथ ही, यूक्रेन ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले का उपयोग उसे बदनाम करने या भारत-यूक्रेन संबंधों को नुकसान पहुँचाने के लिए किया गया, तो इसे द्विपक्षीय विश्वास पर जानबूझकर किया गया हमला माना जाएगा।



# चैत्र नवरात्र पर जोगणियां माता शक्तिपीठ में पंचकुंडीय शतचंडी महायज्ञ का आयोजन

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** क्षेत्र स्थित श्री जोगणियां माता शक्तिपीठ मंदिर परिक्षेत्र में चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर भव्य पंचकुंडीय शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं। संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन महायज्ञ के अंतर्गत श्रीमद् देवी भागवत मूल पारायण, श्रीरामचरितमानस पारायण तथा नवार्ण महामंत्र जप जैसे पवित्र अनुष्ठान विधि-विधान एवं श्रद्धा के साथ संपन्न हो रहे हैं। पूरे मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार और भक्ति का वातावरण व्याप्त है।





इस विशेष आयोजन में श्री जोगणियां माता शक्तिपीठ वेद विद्यालय के बटुक भी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। वेद विद्यालय के विद्यार्थी वेद मंत्रों के उच्चारण, जप एवं पारायण के माध्यम से महायज्ञ को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि ऐसे वैदिक अनुष्ठान समाज में धर्म, संस्कृति एवं आध्यात्मिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। चैत्र नवरात्रि के दौरान भगवती श्री जोगणियां माता जी के दर्शन हेतु प्रतिदिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ रहा है तथा भक्तगण यज्ञ, पाठ एवं जप में बढ़-चढ़कर सहभागिता कर रहे हैं।

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर मेवाड़ के प्रसिद्ध शक्तिपीठ जोगणियां माता शक्तिपीठ में नवरात्र महोत्व के नौ दिवसीय अनुष्ठान जोगणियां माता शक्तिपीठ प्रबन्ध एवं विकास संस्थान के अध्यक्ष सत्य नारायण जोशी के नेतृत्व में आयोजित हो रहे है। आकर्षक विद्युत रोशनी से जगमग करता मन्दिर श्रद्धालुओं का मन मोह रहा है।

मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों और दीपमालाओं से सजाया गया, जिससे श्रद्धालुओं के लिए दृश्य अत्यंत मनोहारी बन गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ-साथ श्रृंगार का आनंद लिया और माता के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त की। मंदिर के भव्य विद्युत श्रृंगार ने क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं को उत्साहित किया और स्थानीय सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत बनाए रखा। नवरात्र महोत्सव के दौरान प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। इसी क्रम में जोगणियां माता के रामलीला मैदान में स्थापित रंगमंच पर वृन्दावन के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित भव्य रामलीला का मंचन भी प्रारम्भ हो गया है। प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से आयोजित हो रही इस रामलीला को देखने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। नवरात्र के दौरान देशभर से आने वाले श्रद्धालु मन्दिर परिसर में चल रहे भव्य मन्दिर निर्माण कार्य की भी सराहना कर रहे हैं। यह निर्माण कार्य श्रद्धालुओं के सहयोग एवं मन्दिर में प्राप्त चढ़ावे की राशि से कराया जा रहा है। जो आस्था और जनसहभागिता का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करता है।

मन्दिर की परिक्रमा पथ पर स्थित 64 योगिनी दर्शन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। इसके साथ ही मन्दिर के समीप स्थापित भारत माता की प्रतिमा न केवल धार्मिक आस्था बल्कि देशभक्ति की भावना को भी प्रकट करती है, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठते हैं। चैत्र नवरात्र महोत्सव के चलते जोगणियां माता धाम इन दिनों आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक आयोजनों का प्रमुख केन्द्र बना हुआ है।

# 80 किलो अवैध अफीम के पौधे जप्त, एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जिले की पारोली थाना पुलिस ने एक और बड़ी कार्यवाही करते हुए खेत में फसल की आड़ में अवैध रूप से नशे की खेती का भंडाफोड़ किया है और अफीम के 5595 हरे पोधे डोडे लगे हुये कुल वजन 80 किलो 400 ग्राम जप्त किए है और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया । पारोली थाना प्रभारी सियाराम ने बताया पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के आदेशानुसार जिले में अवैध मादक पदार्थ अफीम को अवैध रूप से उगाने वालो के विरुद्ध कार्यवाही हेतु एएसपी शाहपुरा राजेश आर्य के निर्देशन में व कोटड़ी वृताधिकारी सुरेश कुमार के सुपरविजन में एक विशेष टीम बनाई । दिनांक 20.03.2026 को थाना अधिमारी सियाराम को मुखबीर से सुचना मिली कि सरहद सरा का खेडा मे गेहूं के खेत में अवैध मादक पदार्थ अफीम हरे पोधे जिन पर डोडे लगे हुये है के पौधे की बुवाई कर रखी है। आदि सुचना पर थानाधिकारी मय जाप्ता गेहूं के खेत पर पहुंचे और चैक किया गया तो गेहूं की फसल के एक किनारे पर अवैध मादक पदार्थ अफीम (हरे पोधे डोडे लगे हुये) के पोधे बोए रखे थे । जिनमे कुल 5595 अफीम के अवैध छोटे-बड़े पौधे जिनका कुल वजन 80 किलो 400 ग्राम पाया गया जिनको जब्त किया और एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया। विशेष टीम में एचसी हरिराज , कांस्टेबल भागीरथ (विशेष योगदान ), मनीष, सुनिल, शिवराज, श्योपाल, शेतान सिंह, मनोज, राजेश कुमार शामिल रहे।

# भारत विकास परिषद शाखा बिजोलिया की नवीन कार्यकारिणी का गठन

## डॉ दुर्गा शंकर मैहर संरक्षक और डॉ नानालाल धाकड़ बने अध्यक्ष



स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** भारत विकास परिषद शाखा बिजोलिया का होली स्नेह मिलन कार्यक्रम, नवनिर्वाचित कार्यकारणी का गठन व शपथ ग्रहण समारोह श्री बनी के बालाजी परिसर पर आयोजित किया गया।

इस अवसर पर परिषद के प्रांतीय चुनाव अधिकारी दिनेश शारदा और संगठन महामंत्री शिवम प्रहलादका की उपस्थिति रही।

सभी शाखा सदस्यों के प्रस्ताव व समर्थन के आधार पर संरक्षक डॉक्टर दुर्गाशंकर मेहर, अध्यक्ष पद पर डॉक्टर नानालाल धाकड़, सचिव पद पर वेदप्रकाश तिवारी, कोषाध्यक्ष पद पर नवीन धनोपिया और महिला संयोजक पद पर सुधा लसोड़ को चुना गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में वंदे मातरम गीत के साथ दीप प्रज्वलन किया गया। शाखा का विगत वर्षों का आय व्यय का हिसाब व विगत वर्षों के कार्यों को प्रस्तुत किया। साथ ही आगामी समय की कार्ययोजना पर प्रकाश डाला गया जिसमें गौ सेवा का प्रमुख स्थान रहा गया। सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचारों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान वाचन हुआ। संचालन मनोज गोधा ने किया।

इस अवसर पर विधायक गोपाल खंडेलवाल, राजेंद्र बंजारा, संजय धाकड़, मुकेश धनोपिया, ओम मेड़तिया, मदन टांक, संजय टांक, पंकज हरसौरा, कन्हैयालाल शर्मा, अरुण गुरुजी, निलेश नलवाया, दिलीप लसोड़, बद्रीलाल धाकड़, चंद्रशेखर मेवाड़ा, उदय लाल कोली, आदर्श सोनी, धर्मचंद कुमावत, मुकेश सेठिया, जगदीश पुरी, गोपाल पाराशर, गोपाल सोनी, विट्ठल तिवारी, उमाशंकर शर्मा, निलेश चित्तौड़ा सहित परिषद के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# भारतीय ज्ञान परंपरा पर शोध ग्रंथ का हुआ भव्य विमोचन

## दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की शोधधारा अब पुस्तक रूप में

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** शहर के शैक्षिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि जुड़ते हुए श्री प्रताप सिंह बारहठ राजकीय महाविद्यालय एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के शोध पत्रों को पुस्तक रूप में प्रकाशित किया गया। यह सम्मेलन 30 व 31 जनवरी 2025 को आयोजित हुआ था, जिसमें देशभर से आए विद्वानों ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर अपने शोध प्रस्तुत किए थे।

इस शोध-संग्रह का संपादन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुष्कर राज मीणा ने किया, जबकि सम्मेलन के संयोजक धर्म नारायण वैष्णव रहे। इस बहुप्रतीक्षित पुस्तक का विमोचन मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा की साध्वी सरस्वती दीदी के करकमलों द्वारा गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

विमोचन समारोह में साध्वी सरस्वती दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल आध्यात्मिक ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक और व्यावहारिक दृष्टि से भी अत्यंत समृद्ध है। उन्होंने वेदों, उपनिषदों और प्राचीन भारतीय दर्शन में निहित ज्ञान को आज के परिप्रेक्ष्य में पुनः समझने और अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

पुस्तक के संपादक डॉ. पुष्कर राज मीणा ने बताया कि इस ग्रंथ में खगोल विज्ञान, गणित, आयुर्वेद और योग जैसे विषयों पर प्राचीन भारतीय मनीषियों के योगदान को शोधपरक और प्रमाणिक रूप में संकलित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक न केवल शोधार्थियों के लिए उपयोगी है, बल्कि आम पाठकों को भी भारतीय ज्ञान की गहराई से परिचित कराएगी।

उन्होंने अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि केवल साक्षरता से राष्ट्र महान नहीं बनता, बल्कि अपनी सांस्कृतिक जड़ों और पूर्वजों के बौद्धिक पुरुषार्थ को समझने से ही भारत पुनः विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर होगा। इस पुस्तक के माध्यम से युवाओं को अपनी परंपरा से जोड़ने का एक सशक्त प्रयास किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान प्रज्ञा प्रवाह के क्षेत्र सहसंयोजक डॉ. सत्यनारायण कुमावत, डॉ. ऋचा अंगिरा, डॉ. रंजीत जगरिया, प्रियंका ढाका, मुकेश कुमार मीणा, शशिकांत मीणा, विनोद कुमारी एवं डॉ. परमेश्वर कुमावत सहित अनेक गणमान्य विद्वान एवं शिक्षाविद उपस्थित रहे। समारोह में उपस्थित लोगों ने इस पहल को भारतीय ज्ञान परंपरा के पुनर्जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के शोध कार्य भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।

# ट्रेन से कटकर अधेड़ की दर्दनाक मौत, दो हिस्सो मे बटा अधेड़ का शरीर



स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा शहर के रामधाम के निकट एक अधेड़ की उदयपुर-मदार एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे में ट्रेन की टक्कर के बाद अधेड़ के दो हिस्से हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद प्रताप नगर थाना पुलिस, कोतवाली थाना पुलिस , RPF - GRP थाना पुलिस मौके पर पहुँची। घटना स्थल प्रताप नगर थाने का होने के चलते प्रताप नगर थाना पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल स्थित मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। मृतक की कोई पहचान नहीं हो पाई है यह हादसा था या खुदकुशी इस मामले में पुलिस जांच कर रही है। वहीं हादसे के बाद उदयपुर मदार एक्सप्रेस ट्रेन करीब 20 मिनट तक घटनास्थल पर खड़ी रही जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा । घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ का भारी जमावड़ा लग गया। प्रताप नगर थाना अधिकारी राजपाल सिंह ने कहा कि सूचना मिली कि रामधाम के पास एक व्यक्ति ट्रेन से कट गया है। जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची । जहां पर पाया गया कि एक अधेड़ व्यक्ति जिसकी पहचान फिलहाल नहीं हो पाई । वह ट्रेन से कट गया और दो हिस्सों में बट गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल स्थित मोचरी में रखवाया । जहां मृतक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। वही यह खुदकुशी है या फिर यह व्यक्ति घटना का शिकार हुआ है इस मामले में भी पुलिस जांच कर रही है।

# हर्षोल्लास के साथ मनी ईद, मुल्क में अमन-चैन की मांगी दुआ

स्मार्ट हलचल | काछोला

कस्बे में शनिवार को ईदुल फितर का पर्व बड़ी ही अकीदत, हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। इस मुकद्दस मौके पर ईदगाह में शहर काजी मौलाना मोहम्मद शाह आलम के सानिध्य में नमाज अदा की गई। नमाज के बाद परवरदिगार की पाक बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क और आवाम के लिए अमन, चैन, शांति और खुशहाली की दुआ मांगी गई। पर्व को लेकर मुस्लिम समुदाय के घरों में विशेष रूप से खीर और सिंवईयां बनाई गईं और लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।



सुबह सदर बाजार स्थित जामा मस्जिद से सैकड़ों अकीदतमंदों की मौजूदगी में ईद का भव्य जलसा (जुलूस) शुरू हुआ। जलसे के दौरान जामा मस्जिद के पेश इमाम और शहर काजी मौलाना मोहम्मद शाह आलम बग्गी में सवार होकर ईदगाह तक पहुंचे। ईदगाह में मौलाना आलम ने ईद की विशेष नमाज अदा कराई और खुतबा पेश किया। इस दौरान काछोला के अलावा खजूरी, अमरगढ़, सरथला और धामनिया सहित आस-पास के गांवों से आए सैकड़ों नमाजियों ने सजदे में सिर झुकाए।

ईद के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर काछोला पुलिस मुस्तैद रही। पर्व पर थाना प्रभारी मालीराम, एएसआई इंदराज मीणा, रामेश्वर सोनी, विकास मीणा, गोपेश कुमार, सोमेश कुमार और रामभान सिंह ने मुस्लिम भाइयों को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं, आम मुस्लिम वक्फ कमेटी द्वारा साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश करते हुए थाना प्रभारी मालीराम और पुलिस स्टाफ की 'दस्तारबंदी' (साफा बांधकर) कर उनका भव्य इस्तकबाल किया गया।

### इनकी रही प्रमुख मौजूदगी:

इस अवसर पर मौलाना मोहम्मद शाह आलम, हाफिज मोहम्मद हसन अजहरी, आम मुस्लिम सदर हाजी शरीफ मोहम्मद मंसूरी, मोहम्मद शाबिर रंगरेज, हाजी इशाक लुहार, हाजी मोहम्मद हासम लजवान, हाजी रमजान अली बिसायती, कमालुद्दीन रंगरेज, हाजी कासम मोहम्मद, बाबू मेवाती, असरफ अली, मोहम्मद यूनुस, अब्दुल रहमान बागवान, रफीक मोहम्मद, हाजी इस्माईल लुहार, उस्मान गनी, हाजी शमसुद्दीन, हाजी लाल मोहम्मद सोरगर, मुबारिक हुसैन, सरवर खान कायमखानी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# महिलाओं ने की इसर गणगौर की पूजा



स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** ग्राम श्यामगढ़ में बड़े हर्ष उत्साह के साथ सुहागिन महिलाओं ने गणगौर का त्योहार मनाया गया। जिसमे महिला मित्र ने अपने सुहाग की लम्बी उम्र की कामना करते हुऐ त्योहार मनाया गया। जिसमे महिला मित्र दुर्गा कंवर, रोनक कंवर, कोमल कंवर रीना कंवर व रेणु कंवर ने अपने सुहाग की लम्बी उम्र की कामना करते हुऐ त्योहार मनाया गया। ग्राम में बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाए गए इस त्योहार में महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना की और अपने सुहाग की लम्बी उम्र की कामना की। इस त्योहार के अवसर पर महिलाओं ने अपने घरों को सजाया और पारंपरिक व्यंजन बनाए। उन्होंने गणगौर की पूजा की और अपने पति की लंबी उम्र और सुखी जीवन की कामना की। इस त्योहार के दौरान महिलाओं ने एक दूसरे के साथ मिलकर नृत्य और गीत भी गाए।

# मंदिर में चोरी करने वाला शातिर चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

पारोली पुलिस ने क्षेत्र में एक मंदिर मे हुई चोरी की वारदात का 24 घण्टो के अन्दर पर्दाफाश कर दिया है और बदमाश चोर को गिरफतार किया है साथ ही चोरी हुए आभूषण भी बरामद कर लिए है । पुलिस ने आरोपी अशोक पुत्र भुरा लाल सोनी को पकड़ा है। एसपी धर्मेन्द्र सिंह के आदेशनुसार पर जिले में चोरी की घटनाओं की रोकथाम व आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है और अपराधियो पर लगाम कसी जा रही है । पारोली थाना अधिनारी सियाराम ने बताया प्रार्थी रामलक्ष्मण पुत्र रामरतन वैष्णव निवासी बागुदार ने पारोली थाने में चोरी।की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी जिसमे बताया की 18.03.2026 को दिन मे करीब 2.30 बजे से 3.20 बाजे के बीच मे अज्ञात व्यक्ति द्वारा श्री चारभुजा नाथ मंदिर बागुदार में से चारभुजा नाथ की मूर्तियों पर सजे आभुषणों में चांदी का छत्र नग 1 वजन लगभग 175 ग्राम, आरती नग 1 वजन लगभग 175 ग्राम व चांदी की गाय 2 नग वजन लगभग 50-50 ग्राम कुल वजन 100 ग्राम के आभूषण चुरा ले गया है तथा दुर्गालाल तिवारी चारण माताजी पुजारी ने भी बताया कि चारण माताजी के चांदी के छत्र नग 2 वजन करीब 50 ग्राम को भी अज्ञात व्यक्ति चुरा कर ले गया है पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया और आरोपी को पकड़ने के लिए विशेष टीम गठित की उच्च अधिकारियों के सुपरविजन मे टीम द्वारा घटनास्थल के बीटीएस लिए गए करीबन 50-60 सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया व सीसीटीवी केमरो को चेक किया गया। गहन विश्लेषण के आधार पर अशोक पुत्र भुरा लाल सोनी उम्र 55 साल निवासी बडलियास थाना बडलियास को डिटेन कर वारदात के बारे मे गहन पुछताछ की तो चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिस पर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# हमीरगढ़ में ईद-उल-फितर उत्साह के साथ मनाई, हुई सामूहिक नमाज



स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** हमीरगढ़ कस्बे में ईद-उल-फितर का पावन पर्व पूरे उत्साह,उमंग और आपसी भाईचारे के साथ धूमधाम से मनाया गया।सुबह शहर की मस्जिदों और ईदगाह में अकीदतमंदों ने ईद की नमाज अदा की।नमाज के दौरान देश व प्रदेश की खुशहाली,अमन-चैन और तरक्की के लिए विशेष दुआएं मांगी गई।नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर 'ईद मुबारक 'कहा और आपसी प्रेम व सौहार्द का संदेश दिया।इस दौरान छोटे बच्चों और युवाओं में खास उत्साह देखने को मिला।बच्चों ने नए कपड़े पहनकर ईदी प्राप्त की और दिनभर अपने मित्रों व परिजनों के साथ खुशियां मनाई।ईद के अवसर पर घरों में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट पकवान बनाए गए।जिनमें सेवइयां,शीरखुर्मा और अन्य मिठाइयां प्रमुख रहीं।लोगों ने अपने रिश्तेदारों,दोस्तों और पड़ोसियों को घर आमंत्रित कर मिल-बांटकर त्योहार की खुशियां साझा कीं।इससे पूर्व अंजुमन कमेटी द्वारा पेश इमाम,हाफिज साहब,बाबा साहब सहित अन्य गणमान्य लोगों का इस्तकबाल किया गया।इसके बाद जुलूस के रूप में सभी ईदगाह पहुंचे।जहां पेश इमाम ने ईद-उल-फितर की नमाज अदा करवाई।शहर के प्रमुख ईदगाह और मस्जिदों के आसपास विशेष रौनक देखने को मिली।वहीं बाजारों में भी ईद को लेकर पहले से ही चहल-पहल रही। कपड़े,जूते-चप्पल,मिठाई और सजावटी सामान की दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ी रही।त्योहार को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए।पुलिस बल तैनात रहा तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए।ईद का यह पावन पर्व प्रेम,त्याग,भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश देते हुए हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।जिसने समाज में एकता और सद्भावना को और अधिक मजबूत किया।

# खुदा की इबादत में झुके हजारों शीश, देश में अमनों अमान की मांगी दुआ

## हर्षोल्लास से मनाया गया ईदुलफितर का पर्व

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जिलेभर सहित शहर में ईदुलफितर का पर्व शांतिपूर्ण रहा। वहीं मुस्लिम समुदाय द्वारा यह पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर सांगानेरी गेट स्थित ईदगाह सहित उपनगरीय क्षेत्र पुर, सांगानेर में ईद की मुख्य नमाज अदा की गई। इस दौरान हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने नये व पारंपरिक परिधान पहनकर नमाज अता की। वहीं खुदा की बारगाह में शीश झुका देश दुनिया में अमनों अमान, खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज बाद सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी। शहर काजी मुफ्ती अशरफ जीलानी अजहरी के अनुसार शुक्रवार को चांद दिखाई देने के बाद ईदउलफितर मनाने का ऐलान किया गया। इसके तहत आज शहर काजी की सवारी नीलगरान मोहल्ला बाहला स्थित मस्जिद से ईदगाह के लिए रवाना हुई। बड़ी संख्या में लोग सवारी में शामिल हुए। इस दौरान सांगानेरी गेट स्थित ईदगाह पर सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंद इंतजाम किए गए और नमाज को लेकर ट्राफिक व्यवस्था डाइवर्ट कि गई। नमाज बाद कॉग्रेस के नेता द्वारा शहर काजी जिलानी की दस्तारबंदी की गई।





# जिलेभर में घर-घर गूंजे गणगौर के गीत, होली से 16 दिन वे शिव मंदिर में होती है सामूहिक पूजा



स्मार्ट हलचल

**गुरला।** होली के बाद गणगौर पर्व की धूम है । विवाहिताएं पति की लंबी उम्र व कुंवारी लड़कियां अच्छे वर की कामना में गणगौर का व्रत रखती हैं । भीलवाड़ा जिले के गुरला में बस स्टैंड स्थित सदाबहार महादेव मंदिर में होली के बाद सुहाग का प्रतीक माने जाने वाली गणगौर की धूम है. राजशाही से पहले से चला आ रहा गणगौर ना सिर्फ विवाहिताएं, बल्कि कुंवारी कन्याएं भी हर्षोल्लास से मनाती हैं । मान्यता है कि विवाहित महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए गणगौर का व्रत और विशेष पूजा करती हैं तो कुंवारी लड़कियां अच्छे वर की कामना में व्रत रखती हैं । मीरा देवी सेन ने बताया कि होलिका दहन के अगले दिन से कुंवारी कन्याएं व विवाहिताएं गणगौर पूजने लगती है. कन्याएं और नवविवाहित महिलाएं सुबह फूल चुनने के बाद घर का पवित्र जल कलश में भरकर ईसर-गणगौर पूजती हैं । सुबह महिलाएं बगीचे में जाती है और दूब लाती हैं. गोर ये गणगौर माता खोल किवाड़ी, बाहर ऊबी थारी पूजन वाली, गोर-गोर गोमती जोड़ा पूजा पार्वती का आला गीला लगी, महाक कुकू का टीका, टीका दिया ठुमका दिया बाला रानी व्रत कयो व बाड़ी वाला बाड़ी खोल, म्हैं आया थारी दोब ने...आदि गीत गाती हैं. महिलाएं तय जगह जुटती हैं और कनिष्ठा से जोड़ा बनाकर गणगौर पूजा करती है.महिलाओं ने ईसर-गणगौर की महिमा में सुमधुर लोकगीतों का गायन किया। 'पूजन द्यो गणगौर भँवर म्हाने...' और 'गोर ए गणगौर माता खोल किवाड़ी...' जैसे पारंपरिक गीतों की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय और आनंदित हो उठा। रेखा सेन व मधु सेन ने बताया 16 दिन तक माता गणगौर की पूजा होती है. होलिका दहन की राख से कई महिलाएं पिंड बनाकर पूजा करती हैं, फिर सात दिन के बाद बासेड़ा यानी शीतला अष्टमी को लकड़ी अथवा मिट्टी के बने ईसर और गौरा यानी कि शिव और पार्वती को गणगौर के रूप में घर लाया जाता है. नई-नवेली दुल्हनों के घर में यह त्योहार खासा उत्साह से मनाया जाता है. मां और सास सिंजारा करती हैं. बहू-बेटियों का सत्कार किया जाता है. उनके हाथों में मेहंदी रचाई जाती है. परंपरा है कि बहू बेटी का पहला गणगौर मायके में होता है. हालांकि, सुविधा के अभाव में यह ससुराल में भी किया जा सकता है. उषा पायल कोमल सारिका ने बताया कि कुंवारी कन्याएं अच्छे घर व वर की चाह में गणगौर की पूजा करती हैं. धारणा है कि अच्छा पति और घराना मिले इसलिए कुंवारी लड़कियां गणगौर पूजती हैं. गणगौर उत्सव शुरू होते ही शहर में पारंपरिक गीतों की गूंज सुनाई देने लगी है. गणगौर को सुहाग और सौभाग्य का प्रतीक मानकर, विवाहित महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की, जबकि अविवाहित कन्याओं ने अच्छे वर की मनोकामना के साथ पूजा-अर्चना की।

### ऐसे होती है पूजा:

गणगौर पूजन के लिए कुंवारी कन्याएं और सुहागिन सुबह में सुंदर वस्त्र, आभूषण पहन कर सिर पर लोटा लेकर बगीचों में जाती हैं. ताजा जल लोटों में भरकर हरी दूब और फूल सजाकर सिर पर रखकर गणगौर के गीत गाती घर आती हैं ।

### पूजा का महत्व:

गणगौर पूजन के आठवें दिन तीजणियां घुड़ला पूजती हैं. शीतलाष्टमी पर तीजणियां ढोल-थाली के साथ पवित्र मिट्टी से निर्मित घुड़ला लाकर पूजती हैं. इसके 15 दिन पार्वती (गौरी) पूजन करने वाली तीजणियां छिद्रयुक्त घुड़ले में आत्मदर्शन के प्रतीक दीप जलाकर गवर पूजन स्थल पर स्थापित करती हैं. इसके बाद गणगौर तीज तक अपने परिचितों के आवास पर घुड़ला ले जाकर मां पार्वती से जुड़े गणगौर गीत गाए जाते हैं।

### उल्लेखनीय उपस्थिति

रेखा सेन, मीरा देवी सेन ,चंदा त्रिपाठी, मधु सेन, कांता दाधीच, उषा, पायल, जया, सीमा, निर्मला, मंजू, कोमल, सारिका, अंकिता, सरस्वती, कमला, रिंकू दाधीच अन्य महिला की उपस्थिति रही।

## खुशहाली के लिए सुहागिनों ने की इसर गणगौर की पूजा

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



जिलेभर में चैत्र शुक्ल तृतीया के अवसर पर गणगौर का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। शहर से लेकर गांवों तक सुबह से ही सुहागिन महिलाओं और अविवाहित युवतियों में उत्साह देखा गया। रंग-बिरंगी व पारंपरिक पोशाकों में सजी महिलाओं ने ईसर-गौरा का पूजन कर परिवार की सुख समृद्धि, खुशहाली और अखंड सौभाग्य की कामना की। शहर के विभिन्न मोहल्लों और सामुदायिक केंद्रों पर गणगौर माता की विशेष पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं ने पारंपरिक लोकगीत 'खेले गणगौर माता खेले' और 'भंवर म्हाने पूजण दयो गणगौर' गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। सोलह श्रृंगार किए महिलाओं ने दूब और फूलों से माता की पूजा की और विशेष पकवानों का भोग लगाया।

## लाडपुरा में गणगौर की धूमः महिलाओं ने अखंड सौभाग्य के लिए ईसर-गौरा को पूजा

पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर महिलाओं ने किए मंगल गान; सुख-समृद्धि और पति की दीर्घायु की कामना

स्मार्ट हलचल | लाडपुरा



अखंड सौभाग्य और दांपत्य प्रेम का प्रतीक 'गणगौर' पर्व शनिवार को लाडपुरा कस्बे सहित क्षेत्र भर में बड़ी श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया गया। कस्बे के ऐतिहासिक रावले (श्री चारभुजा नाथ मंदिर के समीप) में महिलाओं ने सामूहिक रूप से ईसर-गणगौर का पूजन किया। इस दौरान समूचा वातावरण राजस्थानी लोक गीतों और भक्तिमय माहौल से सराबोर नजर आया।

पीढ़ियों से चली आ रही परंपराः

प्रातः काल से ही सुहागिन महिलाएं और कुंवारी कन्याएं पारंपरिक परिधानों और सोलह श्रृंगार में सज-धज कर पूजन के लिए एकत्रित हुईं। बुजुर्गों के अनुसार, रावले में गणगौर पूजन की यह परंपरा कई पीढ़ियों से अनवरत चली आ रही है। महिलाओं ने मिट्टी के ईसर और गौर की मूर्तियों को आकर्षक ढंग से सजाया और विधि-विधान से फल, फूल एवं विशेष भोग अर्पित कर पूजा-अर्चना की।

### आशीर्वाद और सामाजिक समरसता:

पूजन के पश्चात महिलाओं ने 'पूजण गणगौर' के पारंपरिक गीत गाए और घर की बुजुर्ग महिलाओं के चरण स्पर्श कर अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद लिया। मान्यता है कि भगवान शिव (ईसर) और माता पार्वती (गौरा) के अटूट प्रेम का यह पर्व कुंवारी कन्याओं को अच्छे वर की प्राप्ति और विवाहित महिलाओं को सुखी वैवाहिक जीवन का वरदान देता है। इस पर्व के दौरान कस्बे में सामाजिक समरसता और मेल-मिलाप का अनूठा दृश्य देखने को मिला।

## काछोला मे गणगौर पूजन में उमड़ी महिलाएं, गूंजे मंगल गीत



स्मार्ट हलचल | काछोला

काछोला तहसील कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में गणगौर पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। गणगौर पूजन एवं उद्यापन के लिए महिलाओं ने विशेष तैयारियां की।

पूर्व सरपंच बाला देवी कास्ट व महिला मंडल के सानिध्य में कस्बे के श्री वीर तेजाजी महाराज मंदिर परिसर में गणगौर माता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान महिलाओं ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधान धारण कर ईसर-गणगौर की आराधना की और मंगल गीत गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

पूजन के दौरान विवाहित महिलाओं ने 'गोर-गोर गोमती, ईसर पूजे पार्वती' सहित विभिन्न पारंपरिक गीत गाते हुए अपने सुहाग की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं कई महिलाओं ने उद्यापन कर सुहागिनों को भोजन करवाया तथा सुहाग सामग्री भेंट की।

## संजय कॉलोनी माहेश्वरी समाज संस्थान द्वारा सामूहिक गणगौर का उद्यापन कर निभाई परंपरा

श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक रंगों के बीच संपन्न हुआ आयोजन, बड़ी संख्या में महिलाओं की रही भागीदारी




स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** संजय कॉलोनी माहेश्वरी समाज संस्थान द्वारा शनिवार को क्षेत्रीय माहेश्वरी भवन में महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से गणगौर पर्व का उद्यापन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर पूजा-अर्चना की तथा मां गणगौर से सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। महिलाओं ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए इस पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला। मधु लढ़ा ने बताया कि गणगौर के महोत्सव पर 32 महिलाओं ने गणगौर का उद्यापन लगाया। जिसमें 800 महिलाओं को भोजन करा कर नारियल, सुहाग पिटारी भी वितरित की गई। गणगौर के झाला भी दिए गए। गणगौर मां, ईष्वर पार्वतीजी सभी की सामूहिक पूजा अर्चना की गई और सभी को एक साथ कहानी कहकर उद्यापन लगाया गया। महिलाओं द्वारा गणगौर के गीत भी गाए ओर नृत्य किया गया। अखंड सुहाग के लिए गणगौर का पर्व चैत्र नवरात्र के तृतीया पर आता है, इस दिन पति की लंबी उम्र के लिए कामना करते हुए महादेव और गौरा की पूजा की जाती है। आज हम उद्यापन के मौके पर यहां भोज के लिए आमंत्रित किए गए हैं। परिवार में जो भी नई बहू या बेटी होती है वो उद्यापन करती है। इसमें 16 सुहागनों को बुलाकर भोजन कराया जाता है। इस अवसर पर अनुपमा मंत्री, मधु हिंगड़, मधु बहेडिया, मिता अटल, पुष्पा मुंदड़ा, मंजू झंवर, अंजू मंडोवारा, सुनीता शारदा, टोनीका झंवर, ललिता डाड, शिखा सोमानी, मंजू दरक, रितिका झंवर, समता माहेश्वरी, आशा डाड, कृष्णा भदादा, सोनिया सोमानी, इंद्रा भदादा, अंकिता मूंदड़ा, शिखा सोमानी सहित मंडल की सभी महिलाएं उपस्थित थी।

## भगवत सिंह प्रदेश सचिव नियुक्त, मनरेगा प्रदेश समन्वयक का दायित्व भी सौंपा

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा/ जयपुर



राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सी.बी. यादव ने करेड़ा क्षेत्र के सांवला जी का खेड़ा निवासी भगवत सिंह चुंडावत को संगठन का प्रदेश सचिव नियुक्त किया है,साथ ही उनको मनरेगा प्रदेश समन्वयक की जिम्मेदारी दी है.यह नियुक्ति संगठन की नियुक्ति समिति एवं राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुनील पंवार तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा के अनुमोदन के पश्चात की गई है।

संगठन द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि श्री चुंडावत को उनके संगठनात्मक अनुभव,कार्यक्षमता और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा के प्रति समर्पण को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है,उनकी नियुक्ति दो वर्ष की अवधि तक प्रभावी रहेगी.उनका कार्यक्षेत्र मुख्य रूप से मनरेगा से संबंधित गतिविधियों में प्रदेश स्तर पर समन्वय करना रहेगा.संगठन ने विश्वास व्यक्त किया है कि वे संगठन की नीतियों एवं आचार संहिता का पालन करते हुए जमीनी स्तर पर पार्टी की विचारधारा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सी.बी. यादव ने भगवत सिंह चुंडावत को इस नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की है. श्री चुंडावत का सूचना का अधिकार और महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के आंदोलन से लंबे समय तक जमीनी जुड़ाव रहा है और वे सामाजिक अंकेक्षण और शिक्षा के अधिकार आदि से भी जुड़े रहे हैं.उनकी नियुक्ति से क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर फैल गई है,लोगों ने उन्हें बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## धर्म ध्वजा स्थापना संग गूंजे महादेव-हनुमान के जयकारे, भक्तिमय माहौल में हुआ भूमि पूजन

8 से 14 अप्रैल तक पंडित प्रदीप मिश्रा के श्रीमुख से होगी शिव महापुराण कथा, तैयारियां शुरू

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** धर्मनगरी भीलवाड़ा में रविवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब चारों ओर भगवान भोलेनाथ एवं संकटमोचन हनुमानजी के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। अवसर था प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के श्रीमुख से 8 से 14 अप्रैल तक आयोजित होने वाली श्री शिव महापुराण कथा के लिए धर्म ध्वजा स्थापना एवं भूमि पूजन का।

आजादनगर स्थित मेडिसिटी ग्राउंड में श्री शिव महापुराण कथा आयोजन समिति के तत्वावधान में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच धर्म ध्वजा की विधिवत पूजा एवं स्थापना की गई। यह पावन अनुष्ठान श्री हरिशेवाधाम के महामंडलेश्वर हंसराम उदासीन महाराज के करकमलों से, श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ।

पूजन के दौरान अभिजीत मुहूर्त में भूमि पूजन कर धर्म ध्वजा स्थापित की गई तथा समस्त देवताओं का आह्वान कर कथा आयोजन की सफलता हेतु आशीर्वाद मांगा गया। इस दौरान हनुमान चालीसा के पाठ और जयकारों से संपूर्ण परिसर भक्तिमय हो उठा। कोटड़ी के गोभक्त संत लालदासजी महाराज का भी सानिध्य प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार पंडित अशोक व्यास के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें पंडित देवेन्द्र शास्त्री, ऋषि शास्त्री, हिमांशु शास्त्री, राजेंद्र शास्त्री एवं अविश शास्त्री सहित विद्वान आचार्यों ने पूजा-अर्चना कराई।

आयोजन समिति के अध्यक्ष विधायक अशोक कोठारी एवं कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी के नेतृत्व में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। समिति के संरक्षक श्रीगोपाल राठी, संयोजक अशोक बाहेती, गजानंद बजाज, महासचिव पीयूष डाड सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे।

कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने बताया कि धर्म ध्वजा स्थापना के साथ ही कथा स्थल पर विशाल पांडाल एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। कथा श्रवण हेतु आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए समुचित सुविधाएं सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

शिव महापुराण कथा को लेकर भीलवाड़ा के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है और जन-जन इस पुण्य आयोजन से जुड़कर सेवा देने को तत्पर नजर आ रहे है ।

## श्री पैंसठिया छंद आराधना से गुंजायमान हुआ भीलवाड़ा, तीर्थंकर स्तुति में डूबे श्रद्धालु

महासाध्वी कुमुदलताजी म.सा. के सानिध्य में नवरात्रि पर मंगलकारी अनुष्ठान, विश्व शांति व खुशहाली की कामना

स्मार्ट हलचल





**भीलवाड़ा।** नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के श्रीबाग कॉलोनी स्थित कालिका माता मंदिर परिसर में शनिवार को आयोजित श्री पैंसठिया छंद आराधना ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। अनुष्ठान आराधिका ज्योतिष चन्द्रिका महासाध्वी डॉ. कुमुदलताजी म.सा. आदि ठाणा के सानिध्य में आयोजित इस मंगलकारी अनुष्ठान में सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लेकर चौबीस तीर्थंकर परमात्मा की स्तुति की।

कार्यक्रम के दौरान महासाध्वी महाप्रज्ञाजी म.सा., साध्वी पद्मकीर्तिजी म.सा. एवं साध्वी राजकीर्तिजी म.सा. का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। श्रद्धालुओं ने शुद्ध भावों के साथ 'श्री पैंसठिया छंद' का 27 बार जाप किया, जिससे पूरा परिसर भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा।

महासाध्वी कुमुदलताजी म.सा. ने प्रवचन में कहा कि पवित्र मंत्रों के माध्यम से की गई आराधना से न केवल आत्मशुद्धि होती है, बल्कि विश्व में सुख, शांति और मंगल का वातावरण निर्मित होता है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में ऐसी आध्यात्मिक साधनाएं अत्यंत आवश्यक हैं, जो मानवता को शांति का मार्ग दिखाती हैं।

उन्होंने अपने गुरूणी मैया पूज्य कमलावतीजी म.सा. की दीक्षा जयंती पर भावांजलि अर्पित करते हुए उनके त्यागमय जीवन को आदर्श बताया तथा मंत्र शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही 9 अप्रैल को आयोजित होने वाले विश्व नवकार मंत्र दिवस में अधिकाधिक सहभागिता की अपील की।

अनुष्ठान की शुरुआत श्री व्रज पंज्जर स्तोत्र की आराधना एवं नवकार मंत्र चौकी स्थापना के साथ हुई। लाभार्थी मेहता परिवार एवं सहयोगी कोठारी परिवार सहित उपस्थत श्रद्धालुओं ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की।

समारोह में विधायक अशोक कोठारी एवं समाजसेवी महावीरसिंह चौधरी ने ऐसे आयोजनों को समाज में आध्यात्मिक जागरण का आधार बताया। इस अवसर पर विभिन्न गणमान्य नागरिकों, श्रावक-श्राविकाओं एवं सेवा समिति के सदस्यों का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम में स्वागत गीत, धर्म प्रभावना एवं गौतम प्रसादी का आयोजन भी हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को भव्यता प्रदान की।

विहार यात्रा के अंतर्गत साध्वी मंडल के आगामी दिनों में विभिन्न स्थानों पर प्रवास प्रस्तावित हैं। वहीं आगामी इन्दौर चातुर्मास हेतु अधिकाधिक श्रद्धालुओं से सहभागिता की भावना व्यक्त की।

## गणगौर पूजन कर सुखी जीवन की मंगल कामना, की पूजा-अर्चना



स्मार्ट हलचल | पोटलां

कस्बे में शनिवार को महिलाओं ने सज-धज कर गणगौर पूजन किया। पूरे परिवार और आसपास की महिलाएं सुबह से गणगौर पूजन की तैयारी में जुटी रही। फिर सबने एक साथ गणगौर पूजन में भाग लिया। अपने से बड़ी महिलाओं से आशीर्वाद लिया। बुजुर्ग महिलाओं ने बताया कि गणगौर पूजा मुख्य रूप से भगवान शिव और माता पार्वती के मिलन का उत्सव है। यह वैवाहिक सुख और सौभाग्य की कामना के लिए की जाती है। यह एक तरह से भगवान शिव और माता पार्वती का मिलन है।

'गण' शब्द भगवान शिव का और 'गौरी' या 'गौर' शब्द माता पार्वती का प्रतीक है। इसलिए गणगौर इन दोनों के मिलन का प्रतीक है। यह पूजा विवाहित महिलाओं की ओर से अपने पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए की जाती है। कुंवारी लड़कियां इस पूजा के माध्यम से मनपसंद वर की प्राप्ति की कामना करती हैं। गणगौर पूजन करती महिलाओं ने बताया कि गणगौर की तैयारी सुबह से शुरू हो गई थी। दिन में पूजन किया। बड़ों का आशीर्वाद लिया है।

# युवाओं की प्रेरणा बनीं आईपीएस ज्येष्ठा मैत्रेयी ने संभाली सवाईमाधोपुर की कमान

## संवेदनशीलता, सख्ती और सेवा भाव के साथ पुलिसिंग को देंगी नई दिशा, कहा-राजस्थान पुलिस की प्राथमिकता ही जिले की प्राथमिकता रहेंगी

स्मार्ट हलचल|सवाईमाधोपुर

राज्य सरकार के आदेशानुसार 2018 बैच की तेजतर्रार आईपीएस अधिकारी ज्येष्ठा मैत्रेयी ने शनिवार को सवाईमाधोपुर जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) पद का विधिवत पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालते ही उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्थान पुलिस की प्राथमिकताएं ही सवाईमाधोपुर पुलिस की प्राथमिकताएं रहेंगी। उन्होंने कहा कि टाइगर अभयारण्य के लिए प्रसिद्ध सवाईमाधोपुर में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ पर्यटकों की सुरक्षा, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा तथा नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष फोकस रहेगा।

### गुना की बेटी से बनीं यूथ आइकन

मध्यप्रदेश के गुना जिले में जन्मी ज्येष्ठा मैत्रेयी ने अपने जीवन में संस्कार, अनुशासन और मेहनत को आधार बनाया।



एक ही प्रयास में आईपीएस बनने वाली ज्येष्ठा आज देशभर के प्रतियोगी छात्रों के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। वे दिल्ली सहित देश के विभिन्न मंचों पर युवाओं को सिविल सेवा की तैयारी के लिए मार्गदर्शन देती रही हैं। उनके व्याख्यान केवल परीक्षा तक सीमित नहीं होते, बल्कि जीवन मूल्यों, संघर्ष और आत्मविश्वास का संदेश भी देते हैं। जिले में भी युवाओं व विशेषकर महिलाओं व बच्चियों को मार्गदर्शन प्रदान करने की उनकी मंशा है।

### वर्दी में सख्ती के साथ संवेदना

सीआईडी सीबी से स्थानांतरित होकर आई ज्येष्ठा मैत्रेयी अपराध नियंत्रण, साइबर क्राइम पर अंकुश, महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गरीब और जरूरतमंदों की मदद करना उनके व्यक्तित्व की विशेष पहचान है, जो उन्हें एक संवेदनशील पुलिस अधिकारी के रूप में अलग पहचान दिलाता है।

### जनसंवाद बनेगा पुलिसिंग का आधार

पदभार ग्रहण के बाद ज्येष्ठा मैत्रेयी ने कहा कि आमजन से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी अपेक्षाओं को समझना और पुलिस तंत्र को मजबूती देना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने हर जगह पुलिस की मौजूदगी के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच विश्वास मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक पुलिसकर्मी को संवेदनशील और जवाबदेह बनाकर त्वरित एवं भरोसेमंद सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### डीजीपी के विजन पर फोकस

एसपी मैत्रेयी ने बताया कि पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के विजन के अनुरूप नवीन आपराधिक कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि पीड़ितों को त्वरित न्याय मिल सके। साथ ही नशामुक्ति अभियान, सामाजिक जागरूकता और पुलिस परिवार के कल्याण जैसे विषय भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेंगे।

### पर्यटन और सुरक्षा पर विशेष ध्यान

सवाईमाधोपुर जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल पर पदभार संभालते हुए उन्होंने पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधाओं को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि सुरक्षित और व्यवस्थित माहौल ही जिले की पहचान को और मजबूत करेगा।

### प्रेरणा की मिसाल

ज्येष्ठा मैत्रेयी की यात्रा संघर्ष, संस्कार और सेवा की भावना से सजी एक प्रेरणादायक कहानी है। वर्दी की सख्ती के पीछे छिपा उनका संवेदनशील व्यक्तित्व ही उन्हें खास बनाता है। आज वे केवल एक पुलिस अधिकारी नहीं, बल्कि हजारों युवाओं के सपनों को दिशा देने वाली जीवंत प्रेरणा बन चुकी हैं।

# शिवाजी शाखा कोटा की वार्षिक साधारण सभा एवं होली मिलन सम्पन्न



स्मार्ट हलचल|कोटा

भारत विकास परिषद, शिवाजी शाखा कोटा की वार्षिक साधारण सभा एवं होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी का निर्वाचन प्रांतीय चुनाव प्रभारी रचना पाठक की अध्यक्षता में सनातन धर्म मंदिर, शास्त्री नगर दादाबाड़ी में सम्पन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया में सभी पदों पर निर्विरोध सहमति बनी, जिसके तहत गोपाल लाल मूंदड़ा को अध्यक्ष, रामस्वरूप चतुर्वेदी को सचिव तथा सत्यनारायण गुप्ता को कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सदस्यों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नव निर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष सुनीता गोयल, महासचिव अरविंद गर्ग एवं राष्ट्रीय गतिविधि सदस्य संस्कार रवि विजय उपस्थित रहे। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का आह्वान किया।

चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात शाखा द्वारा होली मिलन एवं फागोत्सव का आयोजन किया गया। पंडित अनिल दीक्षित ने भजनों की मधुर प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया, जिससे उपस्थित सदस्य भावविभोर हो उठे।

# दाधीच महिला मंडल ने सामूहिक गणगौर उत्सव का किया भव्य उद्यापन



स्मार्ट हलचल|कोटा

दाधीच महिला मंडल द्वारा सामूहिक गणगौर उत्सव का भव्य उद्यापन पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में दाधीच छात्रावास कोटडी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन महिला मंडल की सदस्यों द्वारा सुव्यवस्थित रूप से किया गया, जिसमें समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।दाधीच समाज के अध्यक्ष रविन्द्र जोशी ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, परंपरा एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं।

महिला मंडल की अध्यक्ष स्मिता शर्मा एवं मंत्री अंबिका शर्मा ने बताया कि गणगौर पर्व नारी शक्ति, सौभाग्य एवं पारिवारिक समृद्धि का प्रतीक है। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर विधि-विधान से माता गौरी एवं भगवान शिव की पूजा-अर्चना की।अध्यक्ष स्मिता शर्मा ने बताया कि पूजा के दौरान महिलाओं ने मंगल गीत गाए और पारंपरिक रीति से गणगौर माता का पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम में महिलाओं ने सामूहिक रूप से पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर उत्सव को और भी आकर्षक बना दिया। लोकगीतों और नृत्य की प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को सांस्कृतिक उल्लास से भर दिया। इस अवसर पर 14 महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से गणगौर का उद्यापन किया गया।

मंत्री अंबिका शर्मा ने बताया कि सामूहिक उद्यापन में चन्दा दाधीच, अनिता दाधीच, राजेश, लाड़ बाई, रेखा दाधीच, अंजली दाधीच, कल्पना, अंजू, कैलाश, मधु व्यास, लाड कवर बडौद, मीनाक्षी, कैलाश बाई ( शिवाजी नगर ) व श्वेता दाधीच ने पूजन किया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण के साथ सामूहिक उद्यापन सम्पन्न हुआ।

# हरि कीर्तन दंगल का हुआ समापन



स्मार्ट हलचल| सूरौठ

गणगौर मेले के अवसर पर कस्बे में सीताराम जी के मंदिर के सामने बनाए गए पांडाल में चल रहे हरि कीर्तन दंगल का शनिवार को दोपहर विधिवत रूप से समापन किया गया। कीर्तन दंगल का समापन होते ही पांडाल में जिकड़ी कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

कीर्तन दंगल के समापन कार्यक्रम में सर्व समाज के लोगों एवं मेला कमेटी के सदस्यों ने गायन पार्टियों के कलाकारों को साफे पहनाकर व पुरस्कार सामग्री भेंट कर सम्मानित किया। मेला कमेटी के संयोजक राम अवतार शर्मा, रामचरण जंगम, राजेंद्र विजय, नरेंद्र बाबा, विश्राम मीणा, जाकिर हुसैन ने बताया कि जिकड़ी दंगल में गायक कलाकार रविन्द्र किरावली, सविता कुमारी अलीगढ़, पवन कुमार जगनेर, राधा यादव अलवर, प्रहलाद सिंह पुरा मलोनी, सावित्री जटामांसी भरतपुर एवं ओम प्रकाश शर्मा निभेरा ने विभिन्न धार्मिक एवं पौराणिक प्रसंगों पर रचनाएं प्रस्तुत की। रचनाओं को सुनकर श्रोता झूम उठे।

# बूंदी में अतिक्रमण की बाढ़, प्रशासक ने कहा अवैध निर्माण और अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं होंगे

स्मार्ट हलचल|बूंदी

खोजा गेट चौराहे से नर्सरी की दिवार के सहारे रैगर बस्ती की तरफ़ जाने वाले रोड पर ही। खुलेआम नगर परिषद की जमीन पर हो रहा है भव्य व्यवसायिक निर्माण 1800 फीट पट्टे पर 5000 स्क्वायर फीट का निर्माण जारी है।

पट्टे की भी निष्पक्ष जांच हो तो पट्टे में भी निकल सकती हे खामियां। जानकारी अनुसार एक असहाय निराश्रित वृद्ध महिला इस भूखंड पर अपना मालिकाना हक बता रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार 1800 फिट पट्टे सुदा प्लाट के साथ साथ पीछे 3000 फिट सरकारी जमीन पर निर्माण करवाया जा रहा है। कोटा के पहुंच वाले भामाशाह द्वारा धडल्ले से इस भूखंड पर निर्माण करवाया रहे है। बताया जा रहा है कि यहा इस भूखंड पर नव निर्मित हॉस्पिटल का निर्माण करवाया जा रहा है। नगर परिषद की भी मोन स्वीकृति बताई जा रही है।

नगर परिषद के ही एक पूर्व अतिक्रमण दस्ते के कर्मचारी ने नाम नहीं बताने की तर्ज पर बताया



कि उक्त निर्माण में मोटी रकम का लेनदेन हुआ है इसलिए नगर परिषद के जिम्मेदार मौन है। अन्यथा अगर इस निष्पक्षता पूर्ण कार्रवाई होती है तो नगर परिषद को दो से तीन करोड़ की आमदनी होने की संभावना है

जब आसपास के लोगों से जानकारी की तो उन्होंने बताया कि यह अवेध निर्माण कर्ता बड़े बड़े नेताओं तक की पहुंच वाले व्यक्ति हैं। इसलिए इनका कोई कुछ नही बिगाड़ सकता है।

सूत्र बताते हैं कि नगर परिषद द्वारा पूर्व में जारी 1800 फुट पट्टे की भी अगर जांच हो तो उसमें भी निकल सकता हे बहुत बडा फर्जीवाड़ा। क्योंकि एक असहाय निराश्रित वुर्द्ध महिला जो की खोजा गेट गणेश मंदिर में भोजन करती है। वह बताती है कि जहां पर निर्माण करवाया जा रहा है वह प्लाट उसका है। लेकिन दबंगों के सामने असहाय की किसी ने नहीं सुनी ओर उस महिला को उस भूखंड से खदेड़ दिया गया।यह तो बूंदी का दुर्भाग्य है कि कोटा से आकर बूंदी में सरकारी जमीनों पर अवेध कब्जा करवा कर बूंदी की जनता के लिए लूट केंद्र खोले जा रहे हैं। लेकिन इस पर नेता और जिम्मेदार अधिकारी मोन है

मानव सेवा समिति के कार्यकर्ता ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को उक्त मामले से अवगत करा कर अब अवैध हिस्से पर बुलडोजर की कार्रवाई की मांग की है जिस पर रामकिशोर मीणा अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं प्रशासक नगर परिषद ने बताया कि शहर में अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं होंगे। जांच करवाई जा रही है। अगर गलत होगा तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल आयुक्त को कार्यवाही हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश प्रशासक ने मोके पर ही दे दिए हैं।

# ईदगाह में गूंजी 'अमन की दुआ', गले मिलकर मिटाए नफरत के फासले

स्मार्ट हलचल| मांडलगढ़

खुशियों और आपसी भाईचारे का मुकद्दर त्योहार 'ईदुल फितर' शनिवार को मांडलगढ़ शहर में बड़े ही अकीदत और उत्साह के साथ मनाया गया। पूरे एक महीने के सब्र और इबादत के रोजों के बाद जैसे ही शव्वाल का चांद नजर आया, शहर में ईद की रौनक छा गई। मुख्य आयोजन लक्ष्मीपुरा स्थित ईदगाह में हुआ, जहाँ सुबह 8:00 बजे हजारों मुस्लिम अकीदतमंदों ने एक साथ खुदा की बारगाह में सिर झुकाकर नमाज अदा की और मुल्क में अमन-चैन की दुआ मांगी।ईद की सुबह मांडलगढ़ का माहौल पूरी तरह रूहानी नजर आया। सुबह 7:30 बजे से ही शहर की विभिन्न मस्जिदों में 'अल्लाहु अकबर' की तकबीरें गूंजने लगीं। सफेद कुर्ता-पायजामा और पठानी सूट में सजे, इत्र की खुशबू से महकते नमाजी जब टोलियों के रूप में ईदगाह की ओर बढ़े, तो मंजर बेहद खुशनुमा हो गया। नमाज के बाद जब अकीदतमंदों ने एक-दूसरे को गले लगाकर 'ईद मुबारक' कहा, तो मानो नफरत के सारे फासले सिमट गए।



इस्लाम के सिद्धांतों के अनुरूप, नमाज से पहले गरीबों और जरूरतमंदों को 'फितरा' (दान) दिया गया, ताकि समाज के हर वर्ग के घर तक ईद की खुशी पहुंच सके। इस दौरान छोटे बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। रंग-बिरंगी टोपियां पहने बच्चों की उछल-कूद और उनकी मासूम मुस्कान ने ईद के जश्न में चार चांद लगा दिए। नमाज के बाद घरों में मीठी सिवइयां और पकवानों के साथ मेहमाननवाजी का दौर शुरू हुआ, जो देर शाम तक जारी रहा।

# विधायक पहुंचे खेलगांव, तैराकी शिविर का अवलोकन

## खिलाड़ियों से किया संवाद, बढ़ाया हौंसला

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

राजस्थान सरकार की पंच गौरव योजनान्तर्गत ब्लॉक स्तरीय टेलेन्ट सर्च से चयनित खिलाड़ियों के लिए जिला कलक्टर नमित मेहता एवं युडीए आयुक्त राहुल जैन के निर्देशन में महाराणा प्रताप खेलगांव के तरणताल में आवासीय प्रशिक्षण जारी है। शनिवार को उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने शिविर का अवलोकन कर खिलाड़ियों से संवाद किया।

जिला खेल अधिकारी डॉ महेश पालीवाल ने



बताया कि शिविर में आए तैराकों को प्रातःकालीन सत्र में खेल गतिविधि, योगा एवं तैराकी खेल के सम्बन्ध में तैराकों को जानकारी प्रदान की गई। प्रातःकालीन सत्र में शहर विधायक ताराचंद जैन, समाजसेवी अतुल चण्डालिया भी शिविर में पहुंचे। अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें शिविर की संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। विधायक जैन के खिलाड़ियों के साथ संवाद किया और बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर के बाद भी अपने - अपने गांवों में जाकर जो तकनीकी सीखी है उसका निरन्तर अभ्यास जारी रखें और पंचायत के साथ-साथ जिले एवं राष्ट्र का नाम रोशन करें। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस खेल को बढावा देने हेतु विधायक मद से राशि की जरूरत पडी वो प्रदान की जाएगी। साथ ही जिला खेल अधिकारी डॉ. पालीवाल को निर्देश प्रदान किये कि इसकी विस्तृत जानकारी प्रदान करावे जिससे तैराकी खेल को बढ़ावा मिले सके। विधायक पंचायत स्तर के खिलाड़ियों की तैराकी प्रतिभा देखकर काफी अभिभूत हुए। इस अनूठी पहल की सराहना की।

# सूरौठ में भाईचारे एवं सद्भाव के साथ मनाया ईद का त्यौहार



स्मार्ट हलचल|सूरौठ

कस्बे में शनिवार को ईद का त्यौहार सांप्रदायिक सद्भाव एवं भाईचारे के साथ मनाया गया। कस्बे में धुरसी रेलवे फाटक के पास ईदगाह परिसर में सुबह 8 बजे मुस्लिम समाज के लोगों ने सामूहिक नमाज अदा की एवं अल्लाह से अमन चैन की दुआ मांगी। कस्बे के मुख्य चौराहे पर हिंदू समाज के लोगों ने मुस्लिम बंधुओं का भव्य सम्मान किया तथा गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। मुख्य चौराहे पर हिंडौन देहात ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता प्रमोद तिवाड़ी, विश्राम मीणा, अमर सिंह मीणा सहित हिंदू समाज के काफी लोगों ने मौलाना मुख्तयार अहमद एवं सहूद अहमद का साफे एवं मालाएं पहनाकर अभिनंदन किया। इसके अलावा कस्बे में कई स्थानों पर मुस्लिम बंधुओं का अभिनंदन किया गया। इससे पहले वयोवृद्ध समाजसेवी बाबू खान, मंगती खान, जाकिर हुसैन अध्यापक, डॉक्टर खलील खान, जहीर ख़ान, कल्ला खान, तैयब हुसैन, कलाम खान सब्जी वाले, अज्जू खान, महबूब खान, शकील खान, कुल्ला खान, छिद्दा खान, शकील मिर्जा, चिन्ना खान, शहजाद खान, इस्माइल खान, आदिल खान, साकिर खान सहित काफी संख्या में सभी मुस्लिम बंधु रेल फाटक के पास ईदगाह परिसर में एकत्रित हुए जहां पर ईद की सामुहिक नमाज अदा की गई।

# महिलाओं ने उमंग से पूजी गणगौर

स्मार्ट हलचल

**सांगोद।** नगर में गत कई दिनों से गणगौर पर्व की धूम चल रही थी। इसके तहत महिलाओं ने नगर के कई मंदिरों पर कई प्रकार के भव्य आयोजन किए, जिसमें हल्दी, मेंहदी आदि शमिल थे। इसी क्रम में शनिवार को बैंड बाजो ओर गणगौर के गीतों के साथ महिलाएं सज धज कर मंदिरों पर पहुंची और भव्य जुलूस के रूप में नगर भ्रमण किया। महिलाओं के साथ छोटी-छोटी बालिकाए भी सज धज कर आई। अलग-अलग महिला मंडल के ग्रुप की महिलाओं ने गणगौर की शुरुआत से ही विभिन्न प्रकार के



आयोजन किए, जिसमें प्रतियोगिता के तहत उपहार भी बांटे गए। विधि विधान से मां गौरी और शिव को समर्पित गणगौर की पूजाकर सुहाग की मंगल मनोकामना मांगी। इसके बाद सभी महिलाओं ने सामूहिक रूप से गणगौर के विभिन्न गानों जैसे पूजन दो गणगौर, म्हारी घूमर छ नखराली आदि संगीत पर नृत्य किया।

# लालकुआँ-राजकोट-लालकुआँ विशेष ट्रेन का संचालन

## कोटा मंडल के भरतपुर स्टेशन से होकर गुजरेगी विशेष ट्रेन

स्मार्ट हलचल|कोटा

यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा को ध्यान में रखते हुए लालकुआँ-राजकोट-लालकुआँ विशेष ट्रेन का संचालन किया जाएगा। यह विशेष गाड़ी कोटा मंडल के भरतपुर स्टेशन से होकर गुजरेगी, जिससे इस क्षेत्र के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी संख्या 05045 लालकुआँ-राजकोट विशेष ट्रेन दिनांक 05.04.2026 से 26.04.2026 तक प्रत्येक रविवार को कुल 04 ट्रिप संचालित की जाएगी तथा गाड़ी संख्या 05046 राजकोट-लालकुआँ विशेष ट्रेन दिनांक 06.04.2026 से 27.04.2026 तक प्रत्येक सोमवार को कुल 04 ट्रिप संचालित की जाएगी।

कोटा मंडल के भरतपुर स्टेशन पर गाड़ी संख्या 05045 के रूप में 21.00 बजे आगमन एवं 21.05 बजे प्रस्थान करेगी, जबकि वापसी में गाड़ी संख्या 05046 के रूप में 20.30 बजे आगमन एवं 20.35 बजे प्रस्थान करेगी। यह गाड़ी मार्ग में दोनों दिशाओं में लालकुआँ, किच्छा, बहेड़ी, इज्जतनगर, बरेली जंक्शन, बदायूं, उज्जैनी, सोरों शूकर, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा कैंट, मथुरा जंक्शन, भरतपुर, बांदीकुई, दौसा, जयपुर जंक्शन, फुलेरा, डेगाना, मेड़ता रोड, जोधपुर जंक्शन, लूणी, समदड़ी, जालोर, भीलड़ी जंक्शन, महेसाना जंक्शन, वीरमगाम, सुरेन्द्रनगर, वांकानेर जंक्शन होते हुए राजकोट तक संचालित होगी। यात्रियों से अपील है कि यात्रा से पूर्व गाड़ियों की स्थिति, समय एवं ठहराव की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट अथवा एनटीईएस मोबाइल ऐप का उपयोग करें।

# पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से कांग्रेसजनों ने मनाया ईद मिलन समारोह

## निंबाहेड़ा ईदगाह में सजी मोहब्बत की महफ़िल

स्मार्ट हलचल| निंबाहेड़ा



ईदुल फ़ित्र के पावन एवं मुबारक अवसर पर निंबाहेड़ा स्थित ईदगाह पर राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से एक भव्य ईद मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर गंगा-जमुनी तहज़ीब, आपसी सौहार्द और भाईचारे की शानदार मिसाल देखने को मिली। शनिवार सुबह ईद की विशेष नमाज़ अदा करने के पश्चात आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से निंबाहेड़ा नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा एवम् चित्तौड़गढ़ ज़िला फुटबॉल संघ अध्यक्ष पूरण आंजना सहित बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेसजनों ने मुस्लिम धर्मावलंबियों से गले मिलकर उन्हें ईदुल फ़ित्र की दिली मुबारकबाद और हार्दिक शुभकामनाएं पेश कीं।

इस अवसर पर निंबाहेड़ा नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल, क्रय-विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष गोपाल आंजना, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष भोपराज टांक, पालिका के निवर्तमान उपाध्यक्ष परवेज़ अहमद, नगर कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी, चित्तौड़गढ़ ज़िला फुटबॉल संघ के कोषाध्यक्ष मनोज पारख, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना, मुस्लिम वक्फ कमेटी के सदर सलीम चाचा, सेक्रेटरी खालिक खान, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नगर कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद कुरैशी, मुस्लिम वक़्फ़ कमेटी कोषाध्यक्ष रोशन अली, नगर सेवादल मुख्य संगठक दिनेश गुप्ता, चित्तौड़गढ़ ज़िला फुटबॉल संघ सचिव फैसल खान, उपाध्यक्ष रामकिशन चौधरी, चित्तौड़गढ़ ज़िला कांग्रेस कमेटी महासचिव मनोहर सिंह मीणा, मुकेश पारख, नगर कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष मुकेश मेघवाल, शमशू कमर मंसूरी, महासचिव दिग्वेन्द प्रताप सिंह जादौन, जावेद खान, सचिव धीरज नगरिया, आशीष अग्रवाल, अबरार अहमद पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पंकज शर्मा तथा पूर्व पार्षद शोभाराम जाट, उदयराम पहाड़िया, शांतिलाल लाडना, बिहारी लाल सोलंकी, राजेश सांड एवम् मंसूर अली बोहरा, खलील खान, बाबू खान मेव, सेदरोज़ खान, हाजी अल्लानूर मंसूरी, रफ़ीक मंसूरी, श्रवण आंजना, हितेश भराडीया, विष्णु मीणा, केशू नाथ, कमलेश मीणा, आशुतोष टांक, उबैद खान, कार्यालय प्रभारी ज़ाकिर हुसैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं गणमान्यजन मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से निम्बाहेडा नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा एवं चित्तौड़गढ़ ज़िला फुटबॉल संघ अध्यक्ष पूरण आंजना ने निंबाहेड़ा के शहर काज़ी हाजी आबिद हुसैन साहब का साफा बंधवाकर, शॉल ओढ़ाकर एवं गुलपोशी कर उनका आत्मीय खैरमकदम और सम्मान किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि ईदुल फ़ित्र का त्योहार मोहब्बत, भाईचारे, अमन और इंसानियत का पैग़ाम देता है। सभी समुदायों को मिल-जुलकर समाज में सौहार्द्र और एकता को मजबूत बनाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और देश-प्रदेश में अमन, तरक्की और खुशहाली की दुआएं मांगीं।

## राजेश बिरला ने किया 'कोटा लैंड बैंक' पुस्तक का विमोचन

# आठ हजार से अधिक रिक्त भूखण्डों का संकलन, जन आकांक्षाओं की होगी पूर्ति –बिरला आगामी तीन वर्षों में 1000 करोड़ रुपये का राजस्व इन भूखंडों में से संभव – गोयल

### केडीए की भूमि संपदा पर व्यापक अध्ययन आधारित पुस्तक 'कोटा लैंड बैंक विश्लेषण और अवसर' तैयार

स्मार्ट हलचल| कोटा



कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए) के अंतर्गत उपलब्ध भूमि संपदा के व्यापक अध्ययन पर आधारित पुस्तक 'कोटा लैंड बैंक विश्लेषण और अवसर' का विमोचन राजस्थान रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष, कोटा नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष तथा माहेश्वरी समाज कोटा के अध्यक्ष राजेश बिरला द्वारा किया गया। इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के देवेन्द्र सिंह चौहान, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के जिला कोटा महामंत्री रमेशचंद्र गोयल, राजीव गांधी नगर ऑक्सीजोन विकास समिति के अध्यक्ष प्रतीक गोयल, महासचिव हिम्मत सिंह 'बालूपा', सह कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, युवा उद्यमी अनुपम गुप्ता, उद्यमी विशाल वर्मा , राधेश्याम मित्तल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस पुस्तक का लेखन एवं संपादन केडीए के राजस्व सलाहकार परमानन्द गोयल द्वारा किया गया है। यह उनकी आठवीं पुस्तक है। इससे पूर्व वे 'संसद विजिट - यादें ', 'पांच साल बेमिसाल ', 'कोटा टूरिज्म - विजिट कोटा यादगार कोटा ', 'विचारों की उड़ान' तथा 'हाड़ौती गौरव सम्मान 2026' जैसी पुस्तकों का लेखन एवं संपादन कर चुके हैं। पुस्तक में केडीए के अंतर्गत उपलब्ध रिक्त भूखण्डों एवं भूमि संपदा का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। इसमें न केवल भूखण्डों का विवरण दिया गया है, बल्कि उनके सर्वोत्तम उपयोग, आवंटन, पुनः आवंटन तथा नीलामी से संबंधित व्यावहारिक सुझाव भी शामिल किए गए हैं। साथ ही, आमजन को जागरूक करने हेतु केस स्टडी एवं दृष्टांत भी दिए गए हैं। पुस्तक में भूमि उपयोग से जुड़े नवाचारों और संभावनाओं को रेखांकित किया गया है। इसके अतिरिक्त, जन सामान्य के लिए उपयोगी एफएक्यू (फ्रीक्वेंटली एस्केड क्वेशंस- अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न) भी शामिल किए गए हैं, जिससे भूखण्ड क्रय, आवंटन या पुनर्विक्रय से संबंधित निर्णय लेने में सहायता मिल सके।

लेखक परमानन्द गोयल के अनुसार, पुस्तक में लगभग आठ हजार से अधिक भूखण्डों से संबंधित सूचनाओं का संकलन किया गया है, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 2900 करोड़ रुपये आंकी गई है।

उन्होंने बताया कि यदि इन भूखण्डों का सुनियोजित उपयोग, विक्रय एवं नीलामी की प्रक्रिया अपनाई जाए, तो आगामी तीन वर्षों में लगभग 1000 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया जा सकता है, जिससे जन आकांक्षाओं की पूर्ति संभव होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पुस्तक में दी गई जानकारी उपलब्ध तथ्यों पर आधारित है, अतः अंतिम स्थिति के लिए प्राधिकरण के अभिलेख एवं भौतिक सत्यापन को आधार माना जाना आवश्यक होगा। पुस्तक में विज़न डॉक्यूमेंट के रूप में हाड़ौती क्षेत्र के समेकित विकास हेतु त्रि-कोरिडोर मॉडल भी प्रस्तुत किया गया है। यह पुस्तक नीति-निर्माताओं, प्रबंधकीय अधिकारियों, शहरी योजनाकारों, तकनीकी विशेषज्ञों, निवेशकों, उद्यमियों तथा आम नागरिकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी और कोटा के योजनाबद्ध विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज के रूप में स्थापित होगी। पुस्तक में भूमि प्रबंधन की चुनौतियों, अनटोल्ड एसेट्स, भविष्य की संभावनाओं तथा संपत्ति क्रय-विक्रय के मनोविज्ञान पर आधारित शोध को भी शामिल किया गया है।

## भंवर म्हे पूजन दो... गीतों की गूंज के बीच धूमधाम से मनाया गणगौर महोत्सव



स्मार्ट हलचल

**हरनावदाशाहजी।** कस्बे में वैश्य महिला मंडल द्वारा गणगौर महोत्सव का भव्य आयोजन हर्षोल्लास और पारंपरिक रंगों के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान 'भंवर म्हे पूजन दो गणगौर...' जैसे पारंपरिक लोकगीतों की गूंज से पूरा माहौल भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बन गया।

मंडल की अध्यक्षा श्रीमती विजय खंडेलवाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। सभी महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सोलह श्रृंगार कर गणगौर माता की पूजा-अर्चना में शामिल हुईं और सुख-समृद्धि व अखंड सौभाग्य की कामना की।

कार्यक्रम में गीत-संगीत, घूमर नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। सखियों के साथ महिलाओं ने पारंपरिक लोकगीतों पर नृत्य कर उत्सव को जीवंत बना दिया। पूरे आयोजन के दौरान आपसी प्रेम, एकता और संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली।

इस अवसर पर मंडल की सदस्यों ने बताया कि गणगौर महोत्सव केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है, जिसे हर वर्ष इसी उत्साह के साथ मनाया जाता रहेगा।

## मेवाड़ा प्रजापत प्रीमियर लीग 2026: ट्रॉफियों का अनावरण



### 24 मार्च से खेलगांव में मुकाबले


स्मार्ट हलचल|उदयपुर

मेवाड़ा प्रजापत प्रीमियर लीग 2026 के आयोजन को लेकर उत्साह चरम पर है। 24 से 29 मार्च तक खेलगांव, चित्रकूटनगर में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट से पहले आज होटल शिवानी-साइफन में ट्रॉफी अनावरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आठ टीमों की आकर्षक ट्रॉफियों के साथ उनकी जर्सियों का भी अनावरण किया गया, जिससे खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर मेवाड़ा प्रजापत समाज सेवा संस्थान के संस्थापक संरक्षक श्री बंसीलाल जी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मंच पर संस्थान अध्यक्ष श्री प्रकाश जी, सचिव कैलाश जी, महामंत्री रामलाल जी, युवा अध्यक्ष धीरज जी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। टूर्नामेंट के प्रायोजकों में श्री हेमराज जी, दलीचंद जी, गोपाल जी, जगदीश जी, विष्णु जी एवं विष्णु जी बेदला का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य सदस्य एवं युवा साथी भी उपस्थित रहे, जिनमें राजकुमार जी, अशोक जी, विष्णु जी, राकेश जी, मुकेश जी सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन युवा अध्यक्ष श्री धीरज जी बेदला ने किया, जबकि अंत में धन्यवाद ज्ञापन श्री राजकुमार जी बेदला द्वारा किया गया।


## कोदूकोटा कालिका माता जी मंदिर में नवरात्रि में लग रही है भक्तों की भीड़



स्मार्ट हलचल

**आकोला।** कोदूकोटा गांव में नवरात्रि में कालिका मंदिर पर भव्य लाइटिंग से सजावट की गई मंदिर पर नवरात्रि में कहीं संख्या में भक्तजन आते हैं भजन कीर्तन होते हैं मुंडन संस्कार के भजन प्रसदियां होती रहती है दशहरे के दिन कालकामाता जी की पाती त्रिशूल नेजा वह गांव के भोपाजी गांव की सभी ग्रामीण माताएं बहने आसपास के गांव के भक्तजन सभी धर्म तालाब पर जाते हैं वहां पर माताजी के भोपाजी एक कलश को पानी में लेकर जाते हैं उसको फिर तालाब में से भरकर लाते हैं वहां पर भाव आता है उसमें मौसम की जानकारी देते हैं कि इस बार मौसम कैसा रहेगा सब माताएं बहने नाचते गाते हुए, धूमधाम से जाती है आती है।

## लापिया प्रो कबड्डी लीग प्रतियोगिता में हुए क्वालीफाई मैच



स्मार्ट हलचल

**बनेड़ा।** उपखण्ड सर्किल के लापिया गांव में चल रही रात्रिकालीन लापिया प्रो कबड्डी लीग प्रतियोगिता में गुरुवार रात्री को चार क्वालीफाई मैच खेले गए

पहला क्वालीफाई मैच लापिया स्टीलर्स बनाम लापिया रॉयल योद्धा के बिच खेला गया। जिसमें स्टीलर्स ने जीत हासिल करते हुए फ़ाइनल मे प्रवेश किया। दूसरा मैच इलिमेनेटर मैच लापिया पलटन (लापिया पैंथर के मध्य खेला गया। इसमें लापिया पेंथर जीत हासिल करते हुए समीफ़ाइनल मे पहुंची। दूसरा सेमीफाइनल लापिया पेंथर 1/ह्य लापिया रॉयल योद्धा के बिच खेला गयाा। जिसमें पेंथर जीत हासिल करते फाइनल में पहुंची।

## बीसलपुर भरा, फिर भी ब्यावर प्यासा: जलदाय विभाग के खिलाफ सोमवार को कांग्रेस का 'हल्ला बोल'

# प्रशासन का दोगलापन बर्दाश्त नहीं, दूषित पानी पिलाकर जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे अधिकारी: अजय शर्मा

स्मार्ट हलचल

ब्यावर शहर में गहराते पेयजल संकट और जलदाय विभाग की कथित संवेदनहीनता के खिलाफ अब कांग्रेस ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्यावर द्वारा आगामी 23 मार्च (सोमवार) को सुबह 11:00 बजे अजमेर रोड स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय का विशाल घेराव और जन आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा।

### बांध लबालब, फिर भी किल्लत क्यों?

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा ने स्थानीय नेतृत्व और प्रशासनिक अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इंद्रदेव की कृपा से बीसलपुर बांध पूरी तरह भरा होने के बावजूद ब्यावर की जनता बूंद-बूंद पानी को तरस रही है। उन्होंने इसे प्रशासन का 'दोगलापन' करार देते हुए कहा कि नाकारा अधिकारियों की वजह से जनता को हक का पानी नहीं मिल पा रहा है।

### दूषित पानी से महामारी का खतरा

अजय शर्मा ने विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा: अनियमित सप्लाई: कई वार्डों में हफ्तों तक पानी नहीं आता। जहरीला पानी : पुरानी पाइपलाइनों और लीकेज के कारण पेयजल में सीवरेज का गंदा पानी मिल रहा है। स्वास्थ्य से खिलवाड़ : शहर में बदबूदार और दूषित पानी की आपूर्ति से महामारी फैलने का खतरा बना हुआ है।

### कार्यकर्ताओं और जनता से आह्वान

एडवोकेट शर्मा ने समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आमजन से अपील की है कि वे सोमवार सुबह 11 बजे अधिक से अधिक संख्या में जलदाय विभाग कार्यालय पहुँचें। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक प्रशासन ठोस समाधान और स्वच्छ जलापूर्ति का आश्वासन नहीं देता, आंदोलन जारी रहेगा।

## अपना घर सेवा समिति महुवा के चुनाव में अध्यक्ष पद पर नेमीचंद अग्रवाल बने



स्मार्ट हलचल

**महुवा।** महुवा उपखंड मुख्यालय सहित क्षेत्र में पीड़ित सेवा मानव सेवा के साथ जन सेवा को लेकर कार्यरत अपना घर सेवा समिति महुवा के वार्षिक चुनाव चुनाव अधिकारी मनीराम धाकड़ द्वारा के सर्व सहमति से चुनाव संपन्न कराए गए।

चुनाव अधिकारी मनीराम धाकड़ ने बताया कि अध्यक्ष पद पर नेमीचंद अग्रवाल खेडली वाले, कोषाध्यक्ष बलवीर सैनी, सचिव ब्रजबल्लभ कुमार अग्रवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं संयोजक हरि सिंह मीणा, संरक्षक गणेश गोयल अशोक कुमार जैन वेद प्रकाश गोयल प्रेमचंद गोयल उपाध्यक्ष ताराचंद गोयल अखिलेश चौधरी पदम बंसल योगेंद्र गोयल मीडिया व गौ सेवा प्रमुख गोपुत्र अवधेश अवस्थी, सह सचिव महेश बंसल, स्वास्थ्य प्रमुख श्यामू बंसल, सेवा प्रमुख महेश माता, पर्यावरण मंत्री देवेंद्र सैनी, संपर्क प्रमुख राजकुमार गोयल, यात्रा प्रमुख नीरज बंसल, प्रचार प्रसार प्रमुख दामोदर साहू] शिक्षण प्रमुख प्रदीप चौधरी, महिला प्रमुख श्रीमती अनीता अवस्थी को सर्व सहमति से चुना गया।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच भौरी लाल सैनी पूर्व कोषाध्यक्ष सत्येंद्र गोयल, ओम प्रकाश गहडोलिया, चंदू बंसल, महिला समिति अध्यक्ष श्रीमती अंजू गोयल सचिन रेनू गोयल कोषाध्यक्ष अनुराधा गर्ग, गीता बढ़ाया ममता खंडेलवाल रमेश चंद, नंदकिशोर बंसल, कृपांशु अजमेरा, सत्यनारायण बेरखेड़ा वाले, राजकुमार करीरी वाले, सुनील जैन, आलोक, शिवचरण पावटा वाले सहित दर्जनों सदस्य मौजूद रहे।

## घर बाहर घूमता दिखा लेपर्ड, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

स्मार्ट हलचल|बानसूर



क्षेत्र के बहराम का बास गांव में शुक्रवार रात उस समय हड़कंप मच गया, जब एक लेपर्ड घर के बाहर घूमता हुआ दिखाई दिया। पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसके बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार देर रात लेपर्ड गांव की गलियों में घूमता नजर आया। सुबह परिजनों ने फुटेज देखा तो तुरंत आसपास के लोगों को सूचना दी, जिसके बाद वीडियो पूरे गांव में वायरल हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से एक से अधिक लेपर्ड गांव और खेतों के आसपास देखे जा रहे हैं। इससे किसान और पशुपालक चिंतित हैं। महिलाएं और बच्चे भी घर से बाहर निकलने में डर रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से लेपर्ड को जल्द पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ने की मांग की है।

## 16 साल की उम्र में संसार को अलविदा कहेंगी अंजू जैन

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** 19 अप्रैल को राणावास में लेंगी दीक्षा। ब्यावर की लाड़ली मुमुक्षु अंजू जैन लेंगी भगवती दीक्षा; राणावास में सजेगा संयम का मंडप ब्यावर आज की भौतिकतावादी चकाचौंध के बीच, जहाँ युवा करियर और सुख-सुविधाओं की ओर भाग रहे हैं, वहीं मात्र 16 वर्ष की अल्पायु में मुमुक्षु अंजू जैन ने संसार की समस्त मोह-माया त्यागकर संयम पथ पर चलने का कठोर निर्णय लिया है। अजमेर निवासी नौरत कंवर एवं इंद्र सिंह चौहान की सुपुत्री मुमुक्षु अंजू आगामी 19 अप्रैल को मारवाड़ जंक्शन के निकट शिक्षा नगरी राणावास में जैन भगवती दीक्षा ग्रहण कर श्रमण संघ की साध्वी बनेंगी।



### 4 साल की कठिन साधना और अटूट श्रद्धा

मुमुक्षु अंजू पिछले 4 वर्षों से महासती मंडल के पावन सान्निध्य में वैराग्य जीवन व्यतीत कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने जैन धर्म के गूढ़ रहस्यों, सूत्रों, थोकड़ों और आगमों का गहन अध्ययन किया है। उन्हें प्रतिक्रमण सूत्र सहित कई थोकड़े कंठस्थ हैं। राजस्थान सिंहनी गुरु माता महासती पुष्पवती एवं डॉ. राजमती जी म.सा. की पावन प्रेरणा से उन्होंने इस आध्यात्मिक मार्ग को चुना है।

### संतों का होगा महाकुंभ

दीक्षा महोत्सव के अवसर पर श्रमण संघ के प्रवर्तक श्री सुकून मुनि सा, उप-प्रवर्तक अमृत मुनि सा, वयोवृद्ध गुरुमाता पुष्पवती जी एवं उपप्रवर्तनी साध्वी रत्ना राजमति जी सहित देश भर से अनेक संत-साध्वी इस मंगलकारी उत्सव में शिरकत करेंगे। दीक्षा की समस्त विधि प्रवर्तक श्री सुकून मुनि सा के मुखारविंद से संपन्न होगी।

### ब्यावर में होगा भव्य अभिनंदन

दीक्षा से पूर्व, ब्यावर के जैन समाज द्वारा मुमुक्षु अंजू के इस ऐतिहासिक निर्णय की अनुमोदना की जा रही है। रविवार दोपहर 1:30 बजे परमेश्वर नगर स्थित मुक्ता मिसरी भवन में एक भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। श्री मरुधर केसरी सेवा समिति और श्री वीर संघ के नेतृत्व में अंजू का बहुमान एवं अभिनंदन किया जाएगा। इस दौरान महिला मंडल द्वारा चौबीसी गीतों के माध्यम से वैराग्य की महिमा का गुणगान किया जाएगा।

# अलीगढ़/उनियारा तहसील क्षेत्र में ईद की नमाज़ में झुकी हजारों पेशानियां-गूंजा अमन का पैगाम

### अलीगढ़ में दिखी गंगा-जमुनी तहज़ीब की मिसाल-पुष्प वर्षा कर गले मिले लोग

स्मार्ट हलचल

**टोंक/अलीगढ़/उनियारा।** ईदुल फितर के पावन अवसर पर उनियारा उपखण्ड क्षेत्र में भाईचारे, शांति और सौहार्द की ऐसी मिसाल देखने को मिली, जिसने समाज को एकता का मजबूत संदेश दिया। अलीगढ़ कस्बे के बरड़ा मालियान स्थित ईदगाह में हजारों लोगों ने एक साथ ईद की नमाज सजदा कर देश-दुनिया में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। द्वारा एक साथ नमाज अदा की गई। साथ ही जामा मस्जिद, निशान व तेलियान मस्जिद में भी ईद की नमाज़ अदा की। जहां अलीगढ़ सहित उनियारा, पलाई, नगरफोर्ट, बनेठा और सोप क्षेत्र में ईद का त्योहार पूरे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। ढाणी बरड़ा मालियान स्थित ईदगाह



में नमाज़ के बाद लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। हर चेहरे पर खुशी, अपनापन और भाईचारे की झलक साफ दिखाई दी। इस दौरान अंबेडकर जागृति मंच अलीगढ़/उनियारा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मुस्लिम समाज के लोगों का माल्यार्पण कर तथा पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया और गले मिलकर ईद की बधाई दी। यह दृश्य सामाजिक समरसता और आपसी सद्भाव का जीवंत उदाहरण बन गया।कार्यक्रम में अंबेडकर जागृति मंच के सचिव बंशीलाल मीणा, मीडिया प्रभारी शिवराज बारवाल, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राधेश्याम वर्मा, मुकेश, अखिल भारतीय मीणा समाज धर्मशाला चौथ का बरवाड़ा के अध्यक्ष आशाराम मीणा, मथुरालाल मीणा, पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि व कांग्रेस नेता गुलाबचंद मीणा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। ईद के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलीगढ़ थानाधिकारी राजकुमार चौधरी के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक बाबूलाल रेगर, हरिसिंह मीणा, भंवरलाल मीणा सहित पुलिस जाप्ता प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा।

क्षेत्र के प्रमुख चौराहों, मस्जिदों और सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस जाप्ता तैनात रहा, जिससे पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और व्यर्वा-स्थत तरीके से संपन्न हुआ। ईद का यह पर्व एक बार फिर साबित कर गया कि उनियारा क्षेत्र में विभिन्न समुदायों के बीच प्रेम, सौहार्द और भाईचारा आज भी उतना ही मजबूत है, जो समाज की असली ताकत है।

# भाजपा के दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण शिविर का आगाज़

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** भारतीय जनता पार्टी के 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान' के तहत शनिवार को महाराणा प्रताप मंडल ब्यावर विधानसभा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर गौरवपूर्ण तरीके से प्रारंभ हुआ। शिविर की जानकारी देते हुए मंडल संयोजक सत्येंद्र यादव ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रवि चौहान ने की।

राष्ट्र प्रथम का संकल्पः उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता पूर्व विधायक देवीशंकर भूतड़ा रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलन और महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर सत्र की शुरुआत की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भूतड़ा ने कहा, ' भारतीय जनता पार्टी किसी परिवार या जाति की नहीं, बल्कि विचारधारा आधारित पार्टी है। राष्ट्र प्रथम की अवधारणा और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद ही हमारी असली निष्ठा है।' उन्होंने एकात्म मानव दर्शन और पंच निष्ठाओं को भाजपा कार्यकर्ता की पहचान बताया।

### संगठन विस्तार पर चर्चा

मंडल महामंत्री संतोष जाग्रत ने बताया कि शिविर के विभिन्न सत्रों में कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास, कार्य प्रणाली और रीति-नीति से अवगत कराया गया। द्वितीय सत्र : अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष चेतन गोयर ने पार्टी के विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। तृतीय सत्र : पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश मित्तल ने कार्य विस्तार और बूथ स्तर की तैयारी पर मार्गदर्शन दिया। विशेष संबोधन : प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इंद्र सिंह बागावास ने भी शिविर को संबोधित किया।




### सोशल मीडिया का मंत्र:

प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को संगठन के हित में सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग और बूथ स्तर पर मजबूती लाने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

आभार प्रदर्शनः मंडल अध्यक्ष रवि चौहान ने सभी वक्ताओं और व्यवस्था में जुटे कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की लगन से ही यह आयोजन सफल हो पाया है।

प्रमुख उपस्थितिः शिविर में पूर्व जिलामंत्री बृजकिशोर शर्मा, बुद्धराज शर्मा, नवल किशोर मुरारका, सुमिता बाबेल, तारा सोनी, संतोष दग्दी, महेंद्र सिंह गौड़, रामेश्वर गहलोत, ममता वैष्णव, शिखा गुप्ता, मुन्नीदेवी गहलोत, रेणु दग्दी, रिद्धि राजावत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ब्यावर में ईद की धूमः बड़ी ईदगाह में उमड़ा आस्था का सैलाब, अमन-चैन के लिए उठे हजारों हाथ

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** शहर में शनिवार को ईद-उल-फितर का पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास, सादगी और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। माह-ए-रमजान के 30 रोजों के बाद शनिवार सुबह जैसे ही मस्जिदों और ईदगाहों से 'अल्लाह-हू-अकबर' की सदाएं गूंजी, पूरा शहर ईद की खुशियों में सराबोर हो गया।



मुख्य नमाज में उमड़ी हजारों की भीड़

चांगचित्तार रोड स्थित बड़ी ईदगाह में मुख्य नमाज अदा की गई। जामा मस्जिद के इमाम मौलाना सैय्यद इरफान मोहम्मद के सानिध्य में हजारों अकीदतमंदों ने सफों में खड़े होकर खुदा की बारगाह में सजदा किया। नमाज के बाद मौलाना ने मुल्क में खुशहाली, भाईचारे और शांति के लिए दुआ मांगी। नमाज संपन्न होते ही लोगों ने एक-दूसरे को गले लगकर 'ईद मुबारक' कहा।

बाजारों में देर रात तक रही रौनक

ईद से एक दिन पहले शुक्रवार को चांद दिखाई देने के बाद शहर के बाजारों में पैर रखने की जगह नहीं थी। प्रमुख खरीदारी : सेवइयों, कपड़ों, इत्र और जूतों की दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ रही। व्यापारियों का उत्साह : कई मुस्लिम व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर परिवार के साथ खरीदारी का आनंद लिया।

घरों में पकवान : महिलाओं ने घरों में विशेष तौर पर शीर-खुरमा और विभिन्न पकवान तैयार किए।

गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल

नमाज के बाद ईदगाह के बाहर सांप्रदायिक सौहार्द का अनूठा नजारा देखने को मिला। भाजपा और कांग्रेस सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मुस्लिम भाइयों को गले लगाकर मुबारकबाद दी। नेताओं ने कहा कि ब्यावर की यह परंपरा रही है कि यहाँ हर त्योहार मिल-जुलकर मनाया जाता है। 'यह ईद केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि समाज में एकता और शांति का संदेश है।' – इमाम मौलाना सैय्यद इरफान मोहम्मद

# फतेहपुरिया दोयम में गणगौरः 211 कलशों के साथ निकली शोभायात्रा





स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** क्षेत्र के फतेहपुरिया दोयम में इस वर्ष गणगौर उत्सव अपार श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर फतेहपुरिया की सड़कों पर राजस्थानी संस्कृति का अनूठा वैभव देखने को मिला, जहाँ महिलाओं द्वारा 211 कलशों के साथ एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं और मंगल गीतों की गूंज ने पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया।

### परंपरा और श्रृंगार का संगम

उत्सव के दौरान ईसर-गणगौर की प्रतिमाओं का अत्यंत मनमोहक और विशेष श्रृंगार किया गया। ग्रामीणों ने पूरी श्रद्धा के साथ पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना संपन्न की। महिलाओं ने गणगौर के गीतों के माध्यम से सुख-समृद्धि की कामना की।

इस वर्ष इस भव्य आयोजन के सफल संचालन में भामाशाह भगवान लाल बागड़ी की मुख्य भूमिका रही। उनके कुशल प्रबंधन और सहयोग की पूरे ग्रामीण क्षेत्र में सराहना की जा रही है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से रूबरू करवाना और समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा तथा एकजुटता के संदेश को प्रसारित करना था।

शोभायात्रा के समापन के पश्चात आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों के अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और सभी ने एक-दूसरे को पर्व की बधाई दी।

# औड़िहार जंक्शन पर मिलेंगी बेहतर सुविधाएं -डीआरएम

स्मार्ट हलचल

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में विकास की रफ्तार अब तेज होती नजर आ रही है, जब मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने 21 मार्च 2026 को औड़िहार जंक्शन स्टेशन का व्यापक निरीक्षण करते हुए यात्री सुविधाओं एवं चल रहे विकास कार्यों का बारीकी से जायजा लिया और व्यवस्थाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने पैदल उपरिगामी पुल, प्लेटफॉर्म की सतह, यात्री शेड के विस्तार, सर्कुलेटिंग एरिया, स्टेशन भवन, केंद्रीयकृत स्टेशन पैनल, यात्री प्रतीक्षालय तथा माइक्रोवेव टॉवर की कार्यप्रणाली की गहन जांच की और व्यवस्थाओं में सुधार पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान यात्री सुविधाओं में कमी पर सख्त रुख अपनाते हुए उन्होंने सर्कुलेटिंग एरिया में लगे फव्वारों को चालू करने, प्रतीक्षालय में बेंच और पंखों की संख्या बढ़ाने, दीवारों पर लगे अनावश्यक बैनर और पोस्टर हटाने, प्लेटफॉर्म शेड में अतिरिक्त पंखे लगाने, प्लेटफॉर्म पर अनाधिकृत प्रवेश को पूरी तरह रोकने, खुले पड़े



केबलों को ढकने, ट्रेनों को निर्धारित प्लेटफॉर्म पर ही लेने तथा वॉटर बूथों पर लीकेज को तत्काल ठीक कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, साथ ही स्टेशन परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी के आदेश भी जारी किए।

इसके बाद डीआरएम आशीष जैन ने औड़िहार रेलवे कॉलोनी का निरीक्षण कर कर्मचारियों और उनके परिवारों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और साफ-सफाई, ड्रेनेज व्यवस्था एवं फॉगिंग को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में संरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए उन्होंने पॉइंट्स संख्या 229 ए एवं बी का पॉइंट्स एंड क्रॉसिंग निरीक्षण कर सभी सुरक्षा मानकों को परखा, वहीं इससे पूर्व औड़िहार यार्ड में स्थित लिमिटेड हाइट सबवे का निरीक्षण कर सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा और सुविधा से जुड़े पहलुओं की भी गहन जांच की और आवश्यक दिशा-निर्देश मौके पर ही दिए।

इस निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मंडल इंजीनियर आयुष कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर रजत प्रिय सिंह, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) सौरभ राठौर, मंडल वाणिज्य प्रबंधक रमेश पाण्डेय, सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी अभिषेक कुमार सहित कई वरिष्ठ पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी उपस्थत रहे। जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि इस निरीक्षण का उद्देश्य औड़िहार स्टेशन पर विकास कार्यों को गति देना और यात्रियों को बेहतर एवं सुरक्षित सुविधाएं उपलब्ध कराना है, जिसके बाद जल्द ही स्टेशन पर बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे और औड़िहार जंक्शन यात्रियों के लिए अधिक आधुनिक, सुरक्षित और सुविधाजनक बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# खुशनुमा माहौल में अदा हुई ईद की नमाज, देश में अमन चैन की मांगी गई दुआ

## सपा, बसपा, कांग्रेस, आम, आदमी पार्टी एवं कई सामाजिक संगठन के लोग ईद की नमाज के बाद बधाई देते हुए आए नजर

स्मार्ट हलचल| इटावा

ईद उल फितर का पर्व शहर में हर्षोल्लास और खुशनुमा माहौल के साथ मनाया गया। हजारों मुसलमानो ने ईदगाह सहित शहर की विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज अदा कर एक दूसरे को ईद की जहां बधाई दी ,वहीं मुल्क में आपसी भाईचारे और अमन चैन की दुआ की।

सुन्नी समाज की ईदगाह में ईद की नमाज दो शिफ्टों में अदा की गई, पहली शिफ्ट में मौलाना कमालुद्दीन अशरफी ने नमाज अदा की दूसरी शिफ्ट में ईद की नमाज फरहान बरकाती ने अदा करवाई। ईद की नमाज के लिए दोनों शिफ्टों में ईदगाह खचाखच भरी नज़र आई जहां हजारों नमाजियों ने ईद की नमाज अदा की ।

ईद कमेटी द्वारा ईदगाह भर जाने पर नमाजियों को विभिन्न शहर की मस्जिदों में भेजा गया जहां नमाजियों ने ईद की नमाज अदा की ,ईदगाह में नमाज की अवस्था में खजांची अब्दुल हन्नान चांद मंसूरी, सेक्रेट्री डॉ अफजाल अहमद खान सहित समस्त कमेटी का सराहनीय योगदान रहा । नमाज के बाद हजारों लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी ।

पुलिस प्रशासन ने नमाज को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करने के लिए सुरक्षा के कई कड़े इंतजाम किए । ईद की नमाज के बाद ईद की बधाई देने के लिए सपा बसपा कांग्रेस एवं कई सामाजिक संगठन सक्रिय रहे और एक दूसरे की गले लगाकर बधाई दी। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष बबलू शाक्य प्रभारी विकास गुप्ता और विक्की पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सर्वेश सर्वेश शाक्य , नगरपालिका चेयरमैन पति



कुलदीप गुप्ता उर्फ संटू,जैनुल आब्दीन,कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव एवं पूर्व प्रत्याशी राशिद खान पल्लव दुबे, बहुजन समाज पार्टी के पूर्व प्रभारी इमरान अहमद, फरहान शान,क़ौमी तहफ्फुज कमेटी के संयोजक खादिम अब्बास, मुन्ना खालिद अंसारी ,एड. फईम अब्बास, खुर्शीद आलम, अज़हर फरीदी , जैनुल आब्दीन, डॉ महेश चंद्रा, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुघर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष मसूद तैमूरी,जिला अध्यक्ष सैफ तैमूरी, ऑल इंडिया उलेमा व मशाइख़ बोर्ड यूनिट के जिलाध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद, शेख मेहंदी हसनउर्फ़ चीनी, शेख शाहनूर, शेख अकील अहमद, एवं उनके परिवार की तरफ से बलराम सिंह चौराहे पर इस साल भी नमाजियों के लिए बुजु करने के लिए पानी का इंतजाम था एवं मीठा सरवत भी वितरण कर रहे थे, हाजी गुड्डू मंसूरी, मोहम्मद अजीम भाई मोअज्जम, मुराद अली, हाफ़िज़ कैफ साहब, नाजिम, अनस खान, शाहबाज खान, पत्रकार इमरान खान फरीदी , इंसानी भाईचारा समिति के अध्यक्ष मोहम्मद आमीन भाई, सराय भूपत कटेखेड़ा प्रधान पति रमेश यादव ने सभी क्षेत्र वासियों को ईद की मुबारकबाद देते हुए हिंदू मुस्लिम एकता का संदेश दिया। ईद की नमाज के बाद सभी लोग एक दूसरे के घर जाके मीठी सिवइयों का आनंद लेते है और एक दूसरे को बधाई देते है।

# भुगतान विवाद की जांच को बसवा पहुंची टीम, प्रधान-सचिव आमने-सामने

स्मार्ट हलचल|खखरेरू/फतेहपुर

धाता विकासखंड के ग्राम सभा बसवा में ग्राम प्रधान के लंबित भुगतानों को लेकर की गई शिकायत की जांच के लिए शनिवार को जिला पंचायत राज अधिकारी रामशंकर वर्मा के नेतृत्व में टीम गांव पहुंची। टीम में खंड विकास अधिकारी व एडीओ पंचायत भी शामिल रहे। शनिवार सुबह करीब 11 बजे जांच टीम पंचायत भवन पहुंची और विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों व पंचायत सदस्यों से जानकारी लेकर मामले की पड़ताल शुरू की गई।

ग्राम प्रधान रमेश सिंह ने



अधिकारियों को बताया कि पिछले चार वर्षों से सफाई कर्मी की नियुक्ति नहीं होने के कारण गांव की अधिकांश गलियां और नालियां कचरे से पटी पड़ी हैं, जिससे जलभराव की समस्या बनी रहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास कार्यों से जुड़े अभिलेख सचिव द्वारा पंचायत भवन में न रखकर अपने पास रखे जाते हैं, जिससे ग्रामीणों को कार्य योजना की जानकारी नहीं मिल पाती। प्रधान ने यह भी आरोप लगाया कि सचिव ग्राम सभाओं की बैठकों में नियमित रूप से उपस्थित नहीं होते और केवल जीपीएस फोटो अपलोड कर औपचारिकता पूरी कर लेते हैं, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

पंचायत सदस्य वीरेंद्र सिंह ने अधूरे खरंजा निर्माण की शिकायत करते हुए कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। वहीं ग्राम प्रधान ने एक विधवा महिला की पेंशन में देरी का आरोप लगाते हुए अपने कार्यकाल के कार्यों की जांच कर लंबित भुगतान कराने की मांग की।

सामुदायिक शौचालय में तैनात केयरटेकर पूजा देवी ने बताया कि उन्हें पिछले एक वर्ष से भुगतान नहीं मिला है और शौचालय में सफाई सामग्री भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। इस पर ग्राम सचिव अभय प्रताप ने बताया कि पंचायत भवन जर्जर स्थिति में है, इसलिए अभिलेखों को सुरक्षित रखने के लिए अपने पास रखा गया है। उन्होंने कहा कि उनकी तैनाती चार माह पूर्व हुई है और पूर्व के लंबित भुगतानों की जांच कर नियमानुसार भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

डीपीआरओ रामशंकर वर्मा ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है। ग्रामीणों से मिली जानकारी में कुछ कार्य बिना खुली बैठक के कराए जाने की बात सामने आई है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यों को कार्ययोजना में शामिल कर नियमानुसार जांच के बाद ही भुगतान किया जाएगा। जांच के दौरान उमेश कुमार, धर्मपाल, रामकुमार, महेंद्र कुमार, बृजेश कुमार, अनुरोध सिंह, जय सिंह, श्याम सिंह, वीरेंद्र सिंह, अतुल सिंह व रिंकू सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# 14 वर्षीय बालक की सूखे कुएं में गिरने से मौत

## कुआं पूजन कार्यक्रम में आया था बालक, बैलेंस बिगड़ने से कुएं में गिरा


स्मार्ट हलचल| बानसूर

क्षेत्र के ग्राम चूला में एक बालक की सूखे कुएं में गिरने से मौत का मामला सामने आया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात्रि कों कांजीपुरा निवासी 14 वर्षीय हेमंत कुमार मेघवाल पुत्र सुरेश कुमार चूला स्थित गूंदा सिद्ध मंदिर के पास एक रिश्तेदारी में कुआं पूजन समारोह में शामिल होने गया था। कार्यक्रम के दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वो पास ही स्थित खुले कुएं में गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। रात करीब 11 बजे रोटी बैंक की निशुल्क एंबुलेंस भी मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद बालक को कुएं से बाहर निकाला जा सका। गंभीर हालत में बालक को तुरंत बानसूर उप जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत



घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर हरसौरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि खुले कुओं को ढका जाए और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

# राजस्थान का लोक उत्सव है गणगौर महोत्सव



स्मार्ट हलचल

**राजस्थानी परम्परा के लोकोत्सव अपने में एक विरासत को संजोए हुए हैं। राजस्थान को देव भूमि कहा जाए तो गलत नहीं होगा। यहां सभी सम्प्रदाय फले फूले हैं। यहाँ के शासकों ने विश्व कल्याण की भावना से अभिभूत होकर लोक मान्यताओं का सम्मान किया है। इसी कारण सभी देवी देवताओं के उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाये जाते हैं। गणगौर घाट औका उत्सव भी ऐसा ही लोकोत्सव है। जिसकी पृष्ठ भूमि पौराणिक है। समय के प्रभाव से उनमें शास्वाचार के स्थान पर लोकाचार हावी हो गया है। परन्तु भाव भंगिमा में कोई कमी नहीं आई है।**

गणगौर भी राजस्थान का ऐसा ही एक प्रमुख लोक पर्व है। लगातार 17 दिनों तक चलने वाला गणगौर का पर्व मूलतः कुंवारी लड़कियों व महिलाओं का त्यौहार है। राजस्थान की महिलाएं चाहे दुनिया के किसी भी कोने में हो गणगोर के पर्व को पूरी उत्साह के साथ मनाती है। विवाहिता एंव कुवारी लड़कियां सहित आयु वर्ग की महिलायें गणगौर की पूजा करती है। होली के दूसरे दिन से सोलह दिनों तक लड़कियां प्रतिदिन प्रातः काल ईसर गणगौर को पूजती हैं। जिस लड़की की शादी हो जाती है वो शादी के प्रथम वर्ष अपने पीहर जाकर गणगौर की पूजा करती है। इसी कारण इसे सुहाग पर्व भी कहा जाता है।

गणगौर एक प्रमुख त्योहार है। यह मुख्य रूप से राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के व्रज क्षेत्र में मनाया जाता है। गणगौर दो शब्दों गण और गौर से बना है। इसमें गण का अर्थ भगवान शिव और गौर का अर्थ माता पार्वती से है। इस दिन अविवाहित कन्याएं और विवाहित स्त्रियां भगवान शिव, पार्वती की पूजा करती हैं। साथ ही उपवास रखती हैं। कई क्षेत्रों में भगवान शिव को ईसर और देवी पार्वती को गोरा माता के रूप में पूजा जाता है। धर्मग्रंथों के अनुसार श्रद्धाभाव से इस व्रत का पालन करने से अविवाहित कन्याओं को इच्छित वर की प्राप्ति होती है और विवाहित स्त्रियों के पति को दीर्घायु और आरोग्य की प्राप्ति होती है।



राजस्थान की राजधानी जयपुर में गणगौर उत्सव दो दिन तक धूमधाम से मनाया जाता है। सरकारी कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहता है। ईसर और गणगौर की प्रतिमाओं की शोभायात्रा राजमहल से निकलती है। इनको देखने बड़ी संख्या में देशी-विदेशी मैनानी उमड़ते हैं। सभी उत्साह से भाग लेते हैं। इस उत्सव पर एकत्रित भीड़ जिस श्रृद्धा एवं भक्ति के साथ धार्मिक अनुशासन में बंध गणगौर की जय-जयकार करती हुई भारत की सांस्कृतिक परम्परा का निर्वाह करती है उसे देख कर अन्य धर्मावलम्बी भी इस संस्कृति के प्रति श्रृद्धा भाव से ओतप्रोत हो जाते हैं। ढूंढाड़ की भांति ही मेवाड़, हाड़ोती, शेखावाटी सहित इस मरुधर प्रदेश के विशाल नगरों में ही नहीं बल्कि गांव-गांव में गणगौर पर्व मनाया जाता है एवं ईसर-गणगौर के गीतों से हर घर गुंजायमान रहता है।

कहा जाता है कि चैत्र शुक्ला तृतीय को राजा हिमाचल की पुत्री गौरी का विवाह शंकर भगवान के साथ हुआ था। उसी की याद में यह त्यौहार मनाया जाता है। गणगौर व्रत गौरी तृतीया चैत्र शुक्ल तृतीया तिथि को किया जाता है। इस वत का राजस्थान में बड़ा महत्व है। कहते हैं इसी व्रत के दिन देवी पार्वती ने अपनी उंगली से रक्त निकालकर महिलाओं को सुहाग बांटा था। इसलिए महिलाएं इस दिन गणगौर की पूजा करती हैं। कामदेव मदन की पत्नी रति ने भगवान शंकर की तपस्या कर उन्हें प्रसन्न कर लिया तथा उन्हीं के तीसरे नेत्र से भष्म हुए अपने पति को पुनः जीवन देने की प्रार्थना की। रति की प्रार्थना से प्रसन्न हो भगवान शिव ने कामदेव को पुनः जीवित कर दिया तथा विष्णुलोक जाने का वरदान दिया उसी की स्मृति में प्रतिवर्ष गणगौर का उत्सव मनाया जात है। गणगौर पर्व पर विवाह के समस्त नेगवार व रस्में की जाती है। होलिका दहन के दूसरे दिन गणगौर पूजने वाली लड़कियां होली दहन की राख लाकर उसके आठ पिण्ड बनाती हैं एवं आठ पिण्ड गोबर के बनाती हैं। उन्हें दूब पर रखकर प्रतिदिन पूजा करती हुई दिवार पर एक काजल व एक रोली की टिकी लगाते हैं। शीतलाष्टमी तक इन पिण्डों को पूजा जाता है। फिर मिट्टी से ईसर गणगौर की मूर्तियां बनाकर उन्हें पूजती हैं। लड़कियां प्रातः ब्रह्ममुहुर्त में गणगौर पूजते हुये

गीत गाती हैं:-गौर ये गणगोर माता खोल किवाड़ी, छोरी खड़ी है तन पूजण वाली।

गीत गाने के बाद लड़कियां गणगौर की कहानी सुनती है दोपहर को गणगौर के भोग लगाया जाता है तथा कुए से लाकर पानी पिलाया जाता है। लड़कियां कुए से ताजा पानी लेकर गीत गाती हुई आती हैं:-

म्हारी गौर तिसाई ओ राज घाट्यारी मुकुट करो, बीरमदासजी रो इंसर ओराज घाटी री मुकुट करो,म्हारी गौरल न थोडे पानी पावो जी राज घाटीरी मुकुट करो।

लड़कियां गीतों में गणगौर के प्यासी होने पर काफी चिन्तित लगती है एवं गणगौर को जल्दी से पानी पिलाना चाहती है। पानी पिलाने के बाद गणगोर को गेहूं चने से बनी घूघरी का प्रसाद लगाकर सबको बांटा जाता है और लड़कियां गीत गाती हैं:- म्हारा बाबाजी के माण्डी गणगौर, दादसरा जी के माण्ड्यो रंगरो झूमकड़ो, ल्यायोजी ल्यायो ननद बाई का बीर, ल्यायो हजारी ढोला झुमको।

रात को गणगौर की आरती की जाती है तथा लड़कियां नाचती हुइं गाती हैं। गणगौर पूजन के मध्य आने जाले एक रजिजार को लतियां उपवास करती हैं। प्रतिदिन शाम को क्रमवार दर लडकी के घर गणगौर ले जायी जाती है। जहां गणगौर का 'बिन्दोरा' निकाला जाता है तथा घर के पुरुष लड़कियों को भेंट देते हैं। लड़कियां खुशी से झूमती हुई गाती हैं:- ईसरजी तो पेंचो बांध गोराबाई पेच संवार ओ राज म्हे ईसर थारी सालीछां।

गणगौर विसर्जन के पहले दिन गणगौर का सिंजारा किया जाता है। लड़कियां मेहन्दी रचाती हैं। नये कपड़े पहनती हैं, घर में पकवान बनाये जाते हैं। सन्त्रहवे दिन लड़कियां नदी, तालाब, कुए, बावड़ी में ईसर गणगौर को विसर्जित कर विदाई देती हुई दुःखी ही गाती हैं:-गोरल ये तू आवड़ देख बावड़ देख तन बाई

गणगौर की विदाई के बाद कई महिनो तक त्यौहार नहीं आते इसलिए कहा गया है- 'तीज त्यौहागा बावड़ी ले डूबी गणगौर '। अर्थात् जो त्यौहार तीज (श्रावणमास) ने प्रारम्भ होते हैं उन्हें गणगौर ले जाती है। ईसर-गणगौर को शिव पार्वती का रूप मानकर ही बालाएँ उनका पूजन करती हैं। गणगौर के बाद बसन्त ऋतु की विदाई व ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत होती है। दूर प्रान्तों में रहने वाले युवक गणगौर के पर्व पर अपनी नव विवाहित प्रियतमा से मिलने अवश्य आते हैं। जिस गोरी का साजन इस त्यौदार पर भी घर नहीं आता वो सजनी नाराजगी से अपनी सास को उलाहना देती है। 'सासू भलस्क जायो ये निकल गई गणगौर, मोल्यो मोड़ों आयो रे '।

गणगौर महिलाओं का त्योहार माना जाता है इसलिए गणगौर पर चढ़ाया हुआ प्रसाद पुरुषों को नहीं दिया जाता है। गणगौर के पूजन में प्रावधान है कि जो सिंदूर नहता पार्वती को चढ़ चढ़ाया जाता है महिलाएं उसे अपनी मांग में सजाती हैं। शाम को शुभ मुहूर्त में गणगौर को पानी पिलाकर किसी पच्चि सरोवर या कुंड में इनका विसर्जन किया जाता है।

आज आवश्यकता है इस लोकोत्सव को अच्छे वातावरण में मनावे। हमारी प्राचीन परम्परा को अक्षुण बनाये रखे। इसका दायित्व है उन सभी सांस्कृतिक परम्परा के प्रेमियों पर है जिनका इससे लगाव है। जो ऐसे पर्वों को सिर्फ पर्यटक व्यवसाय की दृष्टि से न देखकर भारत के सांस्कृतिक विकास की दृष्टि से देखने के हिमायती हैं। अब राजस्थान पर्यटन विभाग की वजह से हर साल मनाए जाने वाले इस गणगौर पर्व में शामिल होने कई देशी-विदेशी पर्यटक भी पहुंचने लगे हैं।



## राजकुमार राव की अगली फिल्म 'रफ्तार' में कीर्ति सुरेश होंगी फीमेल लीड

**राजकुमार राव आखिरी बार फिल्म 'मालिक' में खूंखार लुक में नजर आए थे। अब उनकी आने वाली फिल्म अनाउंसमेंट हो गई है। एक्टर और मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी शेयर की।**

राजकुमार राव अगली फिल्म 'रफ्तार' में नजर आएंगे। उनके साथ साउथ की जानी-मानी एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश लीड रोल में होंगी। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य निंबालकर कर रहे हैं, जबकि इसे राजकुमार राव की पत्नी पत्रलेखा अपने बैनर कम्पा फिल्म के तहत प्रोड्यूस कर रही हैं।

फिल्म की कहानी तेजी से बढ़ती स्टार्टअप की दुनिया के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें एक ऐसे लड़के और लड़की की कहानी दिखाई जाएगी जो सफलता पाने के लिए बहुत महत्वाकांक्षी हैं। जैसे-जैसे पैसा, ताकत और लालच बढ़ता है, वैसे-वैसे उनके रिश्ते की भी परीक्षा होने लगती है।

बताया जा रहा है कि फिल्म भारत के कॉमर्शियल एजुकेशन सिस्टम पर एक सटायर भी है, जिसमें दिखाया जाएगा कि कैसे कई बार ज्ञान से ज्यादा मुनाफे को अहमियत दी जाती है।

कहानी यह सवाल भी उठाती है कि सफलता पाने की कीमत क्या होती है और क्या वह कीमत सच में सही है।

जैसे ही पोस्ट शेयर की गई, उसके बाद से ही फैंस में एक्साइटमेंट बढ़ गई है। फिल्म के नाम को देखकर लोग कयास लगा रहे हैं कि ये रैपर रफ्तार की बायोपिक है, और लोग बड़े उत्साह से कमेंट में रैपर रफ्तार की तारीफें कर रहे हैं। हालांकि अभी ऐसी कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है, जिसमें ऐसा जिक्र किया गया हो कि ये मूवी रैपर रफ्तार की जिंदगी पर आधारित होगी।

### कब रिलीज होगी मूवी?

इस फिल्म में राजकुमार राव और कीर्ति सुरेश के अलावा तान्या मानिकतला, रजत कपूर, अनुराग ठाकुर और रोहन वर्मा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म 24 जुलाई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# 'सरके चुनर' विवाद से नोरा ने पल्ला झाड़ा

कन्नड़ फिल्म 'केडी' का गाना 'सरके चुनर' विवादों में है। इस गाने पर नोरा फतेही ने डांस किया है। दो दिन पहले ये गाना यूट्यूब पर रिलीज हुआ। रिलीज होते ही यह विवादों में आ गया। विवाद में आने के बाद गाने को मेकर्स ने सोशल मीडिया से हटा लिया है। नोरा फतेही ने इस विवाद से खुद को अलग कर लिया है।

### नोरा की पोस्ट में क्या है?

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में नोरा फतेही ने अपना एक वीडियो शेयर करते हुए एक पोस्ट लिखी। इसमें उन्होंने लिखा 'मैं बिल्कुल नहीं चाहूंगी कि कोई यह सोचे कि मैं इस गाने का समर्थन करती हूं। आपकी कड़ी प्रतिक्रिया के लिए धन्यवाद, क्योंकि इसी दबाव की वजह से फिल्म बनाने वालों ने इसे हटा लिया है।' उन्होंने आगे कहा 'मैं आप सभी से यह भी गुजारिश करूंगी कि इस गाने को शेयर करना बंद कर दें, क्योंकि आप इसे बेवजह एक प्लेटफॉर्म दे रहे हैं। मैं देख रही हूं कि आप में से कुछ लोग इसे मेरे चरित्र पर हमला करने के एक मौके के तौर पर इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।'

### गाने के बारे में नहीं थी जानकारी

उन्होंने आगे कहा 'मुझे इस हिंदी गाने के बारे में बिल्कुल भी जानकारी नहीं थी। मैंने इस पर कोई परफॉर्मेंस नहीं दी। मेरी तस्वीर के साथ इसका इस्तेमाल करने के लिए कोई अनुमति भी नहीं ली गई थी।' यह गाना 3 साल पहले कन्नड़ भाषा में शूट किया गया था।

### लेखक ने झाड़ा पल्ला

ख्याल रहे कि गाने पर विवाद होने के बाद इसके लेखक रकीब आलम ने भी विवाद से अपना पल्ला झाड़ लिया है। उन्होंने कहा कि वह इस गाने को नहीं लिखना चाहते थे, निर्देशक के कहने पर कन्नड़ में लिखे गाने को वर्ड टू वर्ड ट्रांस्लेट किया है।

### पहला गाना विवादों में

इस गाने को सिंगर मंगली ने गाया है। वह साउथ की सिंगर हैं। उन्होंने इस गाने से हिंदी में डेब्यू किया था, हालांकि उनका पहला ही गाना विवादों में आ गया।




# 80 करोड़ में बिके अक्षय और सैफ की 'हैवान' के राइट्स

अक्षय कुमार और सैफ अली खान की फिल्म 'हैवान' 2026 की चर्चित रिलीज में शामिल है। इस फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया है। हाल ही में खबर आई थी कि सोनी नेटवर्क ने फिल्म के सैटेलाइट, डिजिटल और म्यूजिक राइट्स हासिल कर लिए हैं। नई जानकारी के मुताबिक इस फिल्म के नॉन-थिएट्रिकल राइट्स 80 करोड़ रुपए की बड़ी रकम में बेचे गए हैं। सूत्रों के अनुसार... 'फिल्म को लेकर बाजार में उत्साह था और कई प्लेटफॉर्म्स इसे खरीदने की होड़ में थे। हालांकि सबसे ऊंची बोली सोनी नेटवर्क की रही, जिसने 80 करोड़ रुपए में सैटेलाइट, डिजिटल और म्यूजिक राइट्स अपने नाम किए। इस डील के साथ ही फिल्म की टीम अपनी लागत का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा पहले ही वसूल कर चुकी है। फिल्म की रिलीज अगस्त महीने में हो सकती है। मेकर्स इसे किसी बड़ी टक्कर से बचाते हुए सोलो रिलीज देना चाहते हैं, ताकि फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर साफ रन मिल सके।'




# सलमान की 'बैटल ऑफ गलवां' का बदला नाम

सलमान खान की आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लेकिन अब फिल्म की रिलीज से पहले मेकर्स ने फिल्म का नाम ही बदल दिया है। अब सलमान खान की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' के नाम से रिलीज नहीं होगी। इसकी जानकारी देते हुए मेकर्स ने फिल्म के नए नाम की भी घोषणा कर दी है।

### मेकर्स ने बताया नया नाम

फिल्म के लीड एक्टर और प्रोड्यूसर सलमान खान ने आज फिल्म के नए नाम के साथ एक नया पोस्टर साझा किया है। पोस्टर में सलमान खान सेना की वर्दी में नजर आ रहे हैं। इंटेंस लुक में सलमान खान की आंखें दिख रही हैं, जिनमें गुस्सा और जोश नजर आ रहा है। उनके चेहरे पर खून लगा हुआ और वो मोटी जंजीर से बंधी एक लकड़ी को पकड़े दिख रहे हैं। उनके पीछे बैकग्राउंड में युद्ध के दौरान सैनिक नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर को साझा करते ही मेकर्स ने फिल्म का नया नाम भी रिवील कर दिया है। अब यह फिल्म 'मातृभूमि: मे वॉर रेस्ट इन पीस' के नाम से रिलीज होगी।

### क्या आगे बढ़ गई रिलीज डेट?

'बैटल ऑफ गलवां' 17 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होनी थी। लेकिन हैरान करने वाली बात ये है कि सलमान खान ने नाम बदलने वाली जो पोस्ट साझा की है, उसमें कहीं भी फिल्म की रिलीज डेट नजर नहीं आ रही है। न ही फिल्म के पोस्टर पर और न ही कैप्शन में कहीं भी 17 अप्रैल या कोई भी रिलीज डेट नहीं दिख रही है। इसके बाद अब सवाल ये भी उठता है कि क्या फिल्म की रिलीज डेट भी आगे बढ़ गई है?

### अपूर्व लाखिया ने किया निर्देशन

'मातृभूमि' का निर्देशन अपूर्व लाखिया ने किया है। जबकि फिल्म को सलमान खान फिल्म्स द्वारा के बैनर तले प्रोड्यूस किया गया है। फिल्म में सलमान खान के साथ चित्रांगदा सिंह भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। इसके अलावा फिल्म में गोविंदा के भी नजर आने की संभावना है। यह फिल्म 2020 के दौरान गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़प पर आधारित बताई जा रही है।

# मुश्किल वक्त को खुद पर हावी नहीं होने देता

मुश्किल दौर से हाल ही में निकले कमीडियन व अभिनेता राजपाल यादव ने मुश्किल समय में अपनी भावनात्मक मजबूती और सकारात्मक सोच के बारे में खुलकर बात की। पिछले कुछ महीनों से चल रहे कानूनी मामलों और निजी परेशानियों के बावजूद एक्टर ने हिम्मत नहीं हारी और काम पर पूरा फोकस रखा। आईएएनएस से खास बातचीत के दौरान उन्होंने स्पष्ट तौर पर अपनी राय रखी। राजपाल यादव से पूछा गया कि क्या ये चुनौतियां उनके काम और मनोबल पर असर डालती हैं। तो उन्होंने बताया, 'हर दिन एक नई शुरुआत होती है। हर दिन काम का दिन होता है। हर दिन एक नया दिन होता है।'

एक्टर ने कहा कि वह मुश्किलों को खुद पर हावी नहीं होने देते, बल्कि हर सुबह नई उम्मीद के साथ उठते हैं और अपनी कला पर ध्यान केंद्रित करते हैं। उन्होंने बातचीत में सकारात्मकता के लिए ईश्वर का आभार भी जताया। राजपाल यादव ने कहा, 'भगवान सबका भला करे। आजादी से सब सांस लें।' इससे पहले एक्टर ने बताया था कि वह जज के सामने कभी नहीं रोए और न ही कोर्ट को कभी बताया कि उनके पास पैसे नहीं हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर चल रहे दावों को पूरी तरह मनगढ़ंत और गलत बताया। राजपाल ने बताया कि ऐसी खबरें फैलाने वाले ज्यादातर वे लोग हैं जिन्हें मामले की कोई जानकारी नहीं है। वे बस इंटरनेट पर फैक्ट्स को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं और अपनी दुकानें चला रहे हैं।



# निकिता दत्ता ने ज़ुबीन नौटियाल से शादी की खबरों पर की बात



कई सेलेब्रिटीज के बाद अब अभिनेत्री निकिता दत्ता ने भी इंडस्ट्री में होने वाले पीआर गेम पर बात की। साथ ही उन्होंने सुर्खियां बटोरने के लिए फैलाई जाने वाली अफवाहों की खुलकर आलोचना की। इस दौरान एक्ट्रेस ने सिंगर जुबीन नौटियाल के साथ अपने रिलेशनशिप और शादी की खबरों पर भी प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री का कहना है कि वह अनजाने में भी अफवाहों का हिस्सा नहीं बनना चाहतीं।

बातचीत के दौरान निकिता ने जुबीन नौटियाल के साथ अपनी शादी की अफवाहों पर कहा कि पीआर के बारे में मेरी समझ की बात करें, तो बेशक यह बहुत देर से आई। यह एक ऐसी बात है, जिसका मुझे अफसोस है और काश कबीर सिंह के रिलीज होने के समय मुझे इस बात की थोड़ी बेहतर जानकारी होती कि चीजें कैसे काम करती हैं। दूसरी बात अगर आप इन सभी वर्षों में मेरे करियर को देखें, तो मैंने व्यक्तिगत और निजी जीवन के बीच एक सीमा बनाए रखी है। इस सीमा को मैंने कभी पार नहीं किया है। आपने मेरे बारे में कभी भी मनगढ़ंत अफवाहें नहीं सुनी होंगी। मैं वैसी इंसान नहीं हूं। मैं न तो ऐसी अफवाहें फैलाना पसंद करती हूं और न ही उनका हिस्सा बनना, चाहे अनजाने में ही क्यों न हो। मैं ऐसी चीजों का समर्थन नहीं करती। मार्केटिंग स्ट्रेटजी के बारे में एक्ट्रेस ने कहा कि यह प्रोडक्शन हाउस का निर्णय होता है।

बीते दिनों निकिता को जुबीन नौटियाल के साथ सिंगर के होम टाउन में देखा गया था। इसके बाद ही दोनों के रिलेशनशिप में होने की चर्चाएं सामने आई थीं। हालांकि, अब निकिता ने साफ तौर पर तो शादी के सवाल पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, लेकिन उन्होंने अफवाहों और पीआर गेम की बात करते हुए इशारों में इसे गप्प बता दिया।





# डकैत के बाद 'जी2' पर जुटेंगे अदिवि शेष स्पाई ड्रामा 'जी3' भी हो सकती है अनाउंस

भारतीय सिनेमा में क्रॉस-इंडस्ट्री कोलैबोरेशन का ट्रेड तेजी से बढ़ रहा है। इस वक्त जिस जोड़ी पर सबसे ज्यादा नजरें टिकी हैं, वह है मृणाल ठाकुर और अदिवि शेष की। दोनों की अपकमिंग फिल्म 'डकैत: ए लव स्टोरी' को लेकर चर्चाएं तेज हैं, लेकिन सूत्र बताते हैं कि यह कोलैबोरेशन केवल एक फिल्म तक सीमित नहीं रहने वाली बल्कि सूत्रों की मानें तो 'डकैत' की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री से प्रभावित एक बड़े प्रोडक्शन हाउस ने मृणाल और अदिवि को 2027 की एक और फिल्म के लिए अप्रोच किया है। अगर सब कुछ तय योजना के मुताबिक चला, तो 'डकैत' से शुरू हुआ यह कोलैबोरेशन आने वाले वर्षों में पैन-इंडिया सिनेमा का बड़ा अध्याय साबित हो सकता है। फिलहाल प्रोजेक्ट का नाम सामने नहीं आया है।

### एनामॉर्फिक लेंस पर गोल्डन पैलेट में शूट हुई है फिल्म

फिल्म 'डकैत' की शूटिंग ग्रामीण लोकेशन्स और विशाल सेट्स पर की गई है, जो 70-80 के दशक के चंबल के बीहड़ों की याद दिलाते हैं। क्लाइमैक्स का एक बड़ा एक्शन सीन, जिसमें अदिवि घायल हुए थे, फिल्म का टर्निंग पॉइंट होगा। यह हैंड-टू-हैंड कॉम्बैट और देसी हथियारों वाला रॉ एक्शन सीन है। सिनेमैटोग्राफी शिनिएल देओ संभाल रहे हैं। वह इसे डस्टी और गोल्डन पैलेट के साथ एनामॉर्फिक लेंस पर शूट कर रहे हैं। 'डकैत' के संगीत के लिए अमित त्रिवेदी या हर्षवर्धन रामेश्वर के नाम पर चर्चा है। इसमें चंबल और बुंदेलखंड के कई स्थानीय थिएटर आर्टिस्ट्स को भी कास्ट किया गया है।

### बीहड़ों की पृष्ठभूमि पर बुनी गई एक इमोशनल लव स्टोरी है 'डकैत'

'डकैत' को सिर्फ एक एक्शन-रोमांस कहना इसके साथ नाइंसाफी होगी। यह बीहड़ों की पृष्ठभूमि पर बुनी गई एक इमोशनल लव स्टोरी है, जिसकी संभावित टैगलाइन 'प्यार और बारूद के बीच की कहानी' बताई जा रही है। फिल्म में अदिवि एक ऐसे शख्स की भूमिका में हैं जो हालातों के चलते हथियार उठाने पर मजबूर होता है। उनका लुक सूटेड-बूटेड स्पाई इमेज से बिल्कुल अलग बढ़ी दाढ़ी, बिखरे बाल और खादी के कुर्ते वाला रखा गया है। वहीं मृणाल पारंपरिक एथनिक अंदाज में नजर आएंगी, लेकिन उनका किरदार महज प्रेमिका का नहीं, बल्कि कहानी की मजबूत कोर का है।

### 'मेजर 2' पर भी शुरू हो सकता है काम

'डकैत' के तुरंत बाद अदिवि शेष अपनी स्पाई फ्रेंचाइज 'जी2' (गुडाचारी 2) पर फोकस करेंगे। यह फिल्म उनकी चर्चित स्पाई फिल्म 'गुडाचारी' की सीक्वल है और 1 मई 2026 को रिलीज के लिए शेड्यूल बताई जा रही है। चर्चा है कि 2027 की शुरुआत में इसके तीसरे पार्ट या बड़े स्पिन-ऑफ की घोषणा भी हो सकती है। 'जी2' में अदिवि के साथ वमिका गब्बी नजर आएंगी। फिल्म इंडस्ट्री के जानकारों का मानना है कि इन दो बड़ी रिलीज के बाद अदिवि 2027 में किसी मेगा बजट प्रोजेक्ट संभवत: 'मेजर 2' पर भी काम शुरू कर सकते हैं।




स्वत्वाधिकार प्रकाशक एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com